हरिभूमि
# रायपुर भूमि

दूसरे भवन में शिफ्ट कराए गए छात्र
बड़ा हिस्सा गिरने से अफरा-तफरी



## सुरक्षा की मांग लेकर कुलपति वाहन के सामने लेटे विद्यार्थी

## आधी रात ब्वॉयज हॉस्टल में मची भगदड़ छत का प्लास्टर गिरा, छात्र का सिर फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में गुरुवार देर रात भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। विवि परिसर में स्थित शिवम छात्रावास में मध्यरात्रि एक कक्ष का लगभग पूरा प्लास्टर ही गिर गया। इससे एक छात्र का सिर फूट गया, जबकि पूरे कमरे में प्लास्टर बिखरने से सामान को भी इससे नुकसान पहुंचा है। छात्र को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। विवि प्रबंधन के अनुसार, ▶▶|शेष पेज 11 पर





### कुलपति ने बुलाई बैठक

शुरुआती बारिश में ही इस तरह की स्थिति निर्मित होने से प्रबंधन भी चिंता में है। कुलपति प्रो.गिरीश चंदेल ने सोमवार को इस मामले पर बैठक बुलाई है। बैठक में सभी हॉस्टल के वॉर्डन अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से छात्रों में आक्रोश है। उनका कहना है कि वे पहले भी कई बार प्रबंधन को हॉस्टल कक्ष सहित अन्य चीजों की जर्रर स्थिति से परिचित करा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई। छात्रों में अब भय का माहौल है।विशेषकर शयन के दौरान वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।




### सभी छात्र सुरक्षित

मामले की जानकारी मिलते ही सभी छात्रों को सुरक्षित स्थान में शिफ्ट कराया गया। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। छात्र खतरे से बाहर है।

-प्रो. संजय शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, कृषि विवि

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
04 जुलाई 2026
कूपन नं.
6

### खबर संक्षेप

#### दोपहिया सवार बदमाश ने की महिला से लूट

रायपुर। सरोना के पास गुरुवार तड़के 6 बजे दोपहिया सवार बदमाश ने राह चलती महिला के कंधे से बैग लूटकर फरार हो गया। महिला के बैग में तीन लाख रुपए ज्यादा कीमत के सोने के जेवर तथा एक हजार रुपए नकदी थे। कवर्धा निवासी चंद्रिका देवांगन ने डीडीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ बेटी के यहां नाती का जन्मदिन मनाने आई थी। घटना दिनांक को वापस जाने के लिए निकली थी। कृष्णा पैराडाइज से महिला अपने पति अशोक कुमार के साथ पैदल जा रही थी।

### नकटी के ग्रामीणों का प्रदर्शन, तोड़फोड़ का विरोध, धरने में साथ आए कांग्रेसी

## सुबह से शाम तक कलेक्टोरेट में धरना-प्रदर्शन फिर आवास मंत्री बंगले को घेरा, बाहर बैठे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकटी में ग्रामीणों का आवास तोड़े जाने के बाद से प्रभावित परिवार स्वतंत्र मकान, जमीन एवं मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सभी परिवारों को प्रशासन ने नया रायपुर के सेक्टर-30 में फ्लैट्स में पुनर्वास व्यवस्था की है, लेकिन परिवार इससे संतुष्ट नहीं हैं और वे स्वतंत्र मकान, जमीन एवं मुआवजा की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने 1 जुलाई को कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए धरना-प्रदर्शन किया था, जिसे रात करीब 9 बजे खत्म करते हुए प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे 24 घंटे के बाद आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इधर 24 घंटे के बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर शुक्रवार को सभी प्रभावित ग्रामीणों ने दोबारा कलेक्टोरेट का घेराव किया और यहां ▶▶|शेष पेज 11 पर

ग्राम नकटी के प्रभावित परिवारों ने 24 घंटे के बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रभावित ग्रामीणों की मांगों के समर्थन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के बाहर सुबह करीब 11.30 बजे से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन शाम तक चला। इसके बाद भी जब कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचे, तो सभी प्रदर्शनकारियों ने आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव कर दिया। शाम से सभी प्रदर्शनकारी मंत्री के बंगले के बाहर धरना देकर नारेबाजी करते रहे।





### दिनभर ट्रैफिक जाम के हालात

ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन के कारण मल्टीलेवल पार्किंग के सामने ट्रैफिक जाम की स्थिति भी दिनभर बनती रही। कलेक्टोरेट परिसर के सभी गेट बंद होने के कारण लोग मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर सड़क के दोनों ओर गाड़ियां पार्क करते रहे। इन गाड़ियों के कारण यहां दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती रही। ताज्जुब की बात यह है कि इस प्रदर्शन के दौरान यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा, लेकिन ट्रैफिक क्लीयर करने के लिए एक भी जवान को जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी।



### सीएम हाउस का घेराव

मंत्री के बंगले में धरना-प्रदर्शन करने के बाद ग्रामीणों को अपनी मांग पूरा होने की उम्मीद जब दिखी नहीं, तो सभी ग्रामीण मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने पहुंच गए। हालांकि प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए मुख्यमंत्री निवास के सभी गेट के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पहले ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। ग्रामीणों को भगत सिंह चौक तरफ के गेट के बाहर ही रोक दिया गया। इस दौरान सभी ग्रामीण कांग्रेसी नेताओं के साथ मिलकर यहां धरना-प्रदर्शन शुरू कर ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 6 को हरी झंडी, सप्ताह में तीन दिन चलेगी

## रायपुर व दुर्ग से होकर गुजरेगी ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत स्पेशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ट्रेन संख्या 08411 ब्रह्मपुर–उधना



अमृत भारत एक्सप्रेस स्पेशल का पहली बार शुरुआत की जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं गुजरात के यात्रियों को सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध कराएगी। अमृत भारत एक्सप्रेस आधुनिक एलएचबी कोचों से लैस है। गाड़ी संख्या 19022/19021 ब्रह्मपुर-उधना-ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन चलेगी। पहली बार यात्रा विजयनगरम-टिटलागढ़ महासमुंद, लखौली, रायपुर , दुर्ग के रास्ते 6 जुलाई को ब्रह्मपुर से उधना के लिए एक स्पेशल ट्रेन रहेगी। छह ▶▶|शेष पेज 11 पर

### स्लीपर और जरनल यात्रियों को मिलेगा लाभ

अमृत भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे द्वारा चलाई जा रही एक सुपरफास्ट ट्रेन है। यह बिना एसी वाली, स्लीपर और अनारक्षित डिब्बों वाली किफायती ट्रेन है। वर्तमान में यह ट्रेन असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों के बीच कई रूटों पर चल रही है



## खबर संक्षेप

### ग्राम संकरी से बेजाकब्जा हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन




आरंग। मंदिर हसौद तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम संकरी (जावा) की पंचायत ने ग्राम की कतिपय शासकीय भूमियों के खसरा नंबर व आबादी की भूमि पर कच्ची व पक्की चारदीवारी बनाकर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए संकल्पित होकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया तथा मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ संबंधित नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर व थाना प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जों को हटाने की मांग की है। बीते गुरुवार को सरपंच लीना विक्की वर्मा व उपसरपंच सरिता शिवा साहू के साथ पंचगण सुनीता साहू, गोपी साहू, चंद्रकला यादव, डॉ. खेमन साहू, कुबेर दास मानिकपुरी, कमलेश राव, राजकुमारी जांगड़े ने यह ज्ञापन सौंपा। उनके साथ सरपंच प्रतिनिधि विक्की वर्मा व पूर्व उपसरपंच शिवा साहू भी थे। पंच भूपेंद्र कुर्रे व मंगतीन वर्मा व्यक्तिगत कारणों के चलते शामिल नहीं हो पाए।

### कोरासी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरासी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू तथा अध्यक्षता शाला की प्राचार्या प्रमिला बर्मा ने की। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच राकेश पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष तोरण साहू, प्रह्लाद साहू, संरक्षक सोहन साहू, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी देवांगन, नाथूराम साहू, तिलकराम साहू, चंद्रिका साहू, गुमान धीवर और समस्त पंचगण के साथ ग्राम के पूर्व सरपंच किशोर बंजारे तथा संतराम देवांगन, मिथिलेश यादव, शरद साहू तथा पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा उन्हें नया गणवेश और नवीन पुस्तक देकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक शाला के सभी व्याख्यातागण तथा पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने नवप्रवेशी छात्रों को बधाई और आशीर्वाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मैडम मीता सोनी ने किया।

### आरक्षक साहू ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन



आरंग। सामाजिक सरोकार और जनसहभागिता की अनूठी पहल 'न्योता भोज' के तहत थाना राखी में पदस्थ आरक्षक कोमल साहू ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन ग्राम राखी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 03 के नौनिहालों के बीच बेहद सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर न केवल समय बिताया, बल्कि उनके साथ भोजन कर स्नेह और अपनत्व का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को अत्यंत चाव के साथ स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन परोसा गया, जिसे पाकर मासूमों के चेहरे खिल उठे। आरक्षक साहू ने बच्चों को दुलारते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक आशा पात्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्या साहू तथा सहायिका संगीता तारक सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक व प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुशासन एक्सप्रेस की गतिविधियों में भानसोज की बेटियों की झलकी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग।

ग्राम पंचायत भानसोज में गुरुवार को 'सुशासन एक्सप्रेस (3.0)' कार्यक्रम के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान जहाँ एक ओर ग्रामीण बेटियों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए ग्रुप ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष बाल संदर्भ शिविर लगाया गया।

इन आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बेटियों के पंखों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से आयोजित ग्रुप ड्राइंग प्रतियोगिता में स्थानीय बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी समूहों को ग्राम सरपंच जगमोहन बघेल, सुशासन एक्सप्रेस की नोडल अधिकारी व उप अभियंता श्रीमती रानू दिनकर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती ऋतु परिहार सहित प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

## कार्यक्रम में 42 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया



### ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बेहतर मंच

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिलता है। इसी क्रम में बच्चों के सुदृढ़ स्वास्थ्य और कुपोषण निवारण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानसोज में विशेष बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 42 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 10 गंभीर कुपोषित और 32 मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनकी गहन जांच की गई। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. खान एवं डॉ. योगिता साहू ने बच्चों का बारीकी से परीक्षण किया। शिविर के दौरान मध्यम कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से उन्हें आयरन, कैल्शियम सिरप व अन्य आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों की सेहत पर निगरानी रखी जा रही है। इस पूरे गरिमामय आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम सचिव भुनेश्वरी साहू, पंच शेखर साहू, हरि बंजारे, कृषि विभाग से मोनू बंजारे सहित विभिन्न विभागों से पहुँचे अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महिला शिक्षिका का अभाव, शौचालय की अधूरी मरम्मत पर भी उठे सवाल

# भवन संकट के कारण कुरुद में एक ही हाल में 75 पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विकासखंड आरंग के ग्राम कुरुद (कुटेला) स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। एक ओर प्राथमिक शाला में भवन की कमी के कारण 75 से अधिक बच्चों को एक ही छोटे से हाल में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है, वहीं माध्यमिक शाला में 60 प्रतिशत से अधिक छात्राएं होने के बावजूद एक भी महिला शिक्षिका पदस्थ नहीं है।

- विद्यालय परिसर में दो जर्जर अतिरिक्त हाल और एक बरामदा है, जिसमें पढ़ाई संभव नहीं

दूसरी ओर शौचालय मरम्मत पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी अधूरा कार्य जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवीं तक के करीब 70 से 75 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय परिसर में दो अतिरिक्त हाल और एक बरामदा मौजूद है, लेकिन भवन जर्जर होने तथा छत से लगातार पानी टपकने के कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सभी बच्चों को लगभग 20×12 फीट के एक ही हाल में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। एक ही कक्ष में अलग-अलग कक्षाओं का संचालन होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षकों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

### जर्जर भवन में सांप-बिच्छू का खतरा

जर्जर भवन में सांप और बिच्छुओं के प्रवेश की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार नए भवन की मांग ग्राम पंचायत तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के माध्यम से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों और पालकों ने जिला प्रशासन से नए विद्यालय भवन की स्वीकृति देकर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। कुरुद के माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक लगभग 180 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें करीब 60 प्रतिशत बालिकाएं हैं। इसके बावजूद विद्यालय में एक भी महिला शिक्षिका पदस्थ नहीं है। बालिकाओं को अपनी व्यक्तिगत समस्याएं पुरुष शिक्षकों के सामने रखने में संकोच होता है। इसे देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने यहां तत्काल एक महिला शिक्षिका की पदस्थापना की मांग की है।



### शौचालय मरम्मत कार्य भी विवादों में

विद्यालय में शौचालय मरम्मत कार्य भी विवादों में है। सूचना फलक के अनुसार शिक्षा मद से 30 हजार 919 रुपये की राशि स्वीकृत कर मरम्मत कार्य कराया गया, लेकिन कार्य आज भी अधूरा नजर आ रहा है। शौचालय की छत पर शीट नहीं लगाई गई है, जिससे बारिश का पानी सीधे अंदर आता है। दीवारों और छत पर दरारें भी साफ दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद यदि छात्र-छात्राओं को उपयोगी और सुरक्षित शौचालय नहीं मिल पा रहा है, तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता और राशि के उपयोग की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। कुरुद के विद्यालय की यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करती है। भवन, शिक्षकों और मूलभूत सुविधाओं की कमी के बीच नौनिहालों का भविष्य दांव पर लगा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर विद्यालय की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

# विधायक ने सिलतरा में किया अतिरिक्त कक्षों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

क्षेत्रीय विकास और शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के संकल्प के साथ धरसींवा विधानसभा के विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम सिलतरा को एक बड़ी सौगात दी है। ग्राम सिलतरा के शासकीय प्राथमिक शाला में जयसवाल निको कंपनी की CSR मद से 45 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 6 अतिरिक्त कक्षों निर्माण कराया जिनका विधायक अनुज शर्मा ने विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों, शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। नए कमरों के बन जाने से अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को बैठने के लिए अधिक जगह मिलेगी और पढ़ाई का माहौल और भी बेहतर होगा।

### बच्चों से किया सीधा संवाद, दीं शुभकामनाएं

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने स्कूली छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज धरसींवा विधानसभा के हमारे ग्राम सिलतरा के लिए बहुत ही गौरव और हर्ष का दिन है।शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमारे बच्चों के सुनहरे भविष्य की नींव रखती है। आज इस शासकीय प्राथमिक शाला के नए भवन का लोकार्पण करते हुए मुझे अत्यंत आत्मिक प्रसन्नता हो रही है। यह सिर्फ ईंट-पत्थरों से बनी एक इमारत नहीं है, बल्कि यह हमारे सिलतरा के बच्चों के सपनों को उड़ान देने वाला 'ज्ञान का मंदिर' है।आप इस देश कें,हमारे छत्तीसगढ़ के भविष्य हो।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधारोपण

सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विधायक अनुज शर्मा ने बच्चों और स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने बच्चों को पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन, अनुपम वर्मा, सरपंच शांति वर्मा ,उपसरपंच राम कुमार वर्मा सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद मिट्टी हुई चिपचिपी, बोआई थमने से किसान हैं परेशान

आरंग। खरीफ सीजन के बीच मौसम की अनिश्चितता किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लंबे इंतजार के बाद 2 जुलाई की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच हुई झमाझम बारिश और उसके बाद रातभर रुक-रुककर हुई वर्षा ने मौसम का मिजाज तो बदला, लेकिन किसानों की मुश्किलें कम नहीं हुईं। शुक्रवार सुबह बारिश थम गई, हालांकि आसमान दिनभर बादलों से घिरा रहा। बारिश के कारण खेतों में पानी का भराव नहीं हो सका, लेकिन मिट्टी में इतनी अधिक नमी और चिपचिपापन आ गया कि धान की सूखी बुवाई करना संभव नहीं रहा। नतीजतन रीवा, कुकरा, संडी, नारा, भानसोज, खमरिया, टेकारी, डीघारी, खौली सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में शुक्रवार को धान बुवाई का काम पूरी तरह ठप रहा। किसानों का कहना है कि अभी खेतों में ट्रैक्टर या अन्य कृषि यंत्र चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं यदि आने वाले दिनों में मानसून लगातार और खुलकर बरसता है, तो सूखी बुवाई की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी। ऐसी स्थिति में किसानों को परंपरागत लेई-चोपी पद्धति से धान बीज का छिड़काव करना पड़ेगा, क्योंकि अत्यधिक गीले खेतों में सामान्य तरीके से बुवाई करना संभव नहीं होगा। कृषि जानकारों के अनुसार मौसम का यही असंतुलन किसानों की सबसे बड़ी चिंता है। कम बारिश होने पर खेत सूखे रह जाते हैं और अधिक नमी होने पर सूखी बुवाई रुक जाती है। यदि लगातार तेज बारिश होती है, तो खेती की पद्धति बदलनी पड़ती है, जिससे लागत और श्रम दोनों बढ़ जाते हैं। जुलाई का पहला सप्ताह धान बुवाई के लिए सबसे अहम माना जाता है। ऐसे में मौसम की लुकाछिपी के कारण किसान असमंजस में हैं। अब पूरे क्षेत्र के अन्नदाताओं की निगाहें मानसून की अगली चाल पर टिकी हैं।

- रीवा, कुकरा, संडी, नारा, भानसोज, खमरिया, टेकारी, डीघारी, खौली में कृषि कार्य प्रभावित

# खनिज माफियाओं की दबंगई, जब्त चेनमाउंटेन का सील तोड़कर ले गए

आरंग। राजधानी रायपुर से लगे आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरदीडीह स्थित महानदी रेत खदान में रेत माफियाओं की कथित दबंगई ने कानून व्यवस्था और खनिज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि सेंट्रल माइनिंग द्वारा अवैध रेत उत्खनन के मामले में जब्त कर सील की गई तीन चैन माउंटेड मशीन में से एक खनिज माफिया ने अपनी 1 एक चैन माउंटेन मशीन को सील तोड़कर ले गया। यह गंभीर मामला शासन को खुली चुनौती का है।

- हरदीडीह रेत खदान में माइनिंग टीम ने तीन मशीनें की जब्त, जिसमें से एक को ले जाने की है चर्चा

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों, एनजीटी के नियमों तथा राज्य शासन के आदेशों के तहत प्रदेश की रेत खदानें बंद हैं। इसके बावजूद हरदीडीह क्षेत्र में कथित रूप से महानदी से अवैध रेत उत्खनन जारी रहने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई, जिसके बाद सेंट्रल माइनिंग की टीम ने 13 मई को दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और अवैध उत्खनन में लगी तीन चैन माउंटेड मशीनों को जब्त कर विधिवत सील किया। लेकिन कार्रवाई के बाद रेत माफियाओं ने सरकारी सील तोड़कर मशीनों को वहां से हटा दिया। यदि सरकारी एजेंसी द्वारा जब्त और सील की गई मशीनें भी सुरक्षित नहीं रह सकतीं, तो यह पूरे प्रशासनिक तंत्र की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।



### सरकारी कार्रवाई को भी चुनौती दी

*प्रदेश पहले भी अवैध रेत कारोबार से जुड़े हिंसक घटनाक्रमों से दहल चुका है। हाल के दिनों में कोरिया जिले के नेवई–सोनहत क्षेत्र में तीन लोगों की जिंदा जलाकर हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। ऐसे गंभीर घटनाक्रमों के बाद भी यदि अवैध रेत कारोबार से जुड़े आरोप लगातार सामने आ रहे हैं और सरकारी कार्रवाई को भी चुनौती दी जा रही है, तो कानून व्यवस्था को लेकर स्वाभाविक रूप से चिंता बढ़ती है।*

# बहरेपन से जन्मजात पीड़ित दो बच्चों की सर्जरी हुई कामयाब

आरंग। रायपुर जिले के विकासखंड आरंग अंतर्गत ग्राम चपरीद निवासी बालिका गर्वी साहू एवं ग्राम नकटा निवासी 3 वर्षीय बालिका गनिका सोनी को आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जन्मजात बहरेपन से पीड़ित पाया गया। दोनों बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें चिरायु योजना के अंतर्गत एम्स रायपुर रेफर किया गया। एम्स रायपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत जांच एवं आवश्यक परीक्षण के उपरांत दोनों बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सर्जरी के पश्चात दोनों बच्चों की नियमित मैपिंग, स्पीच थेरेपी एवं श्रवण प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। वर्तमान में दोनों बच्चे ध्वनियों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं तथा उनकी सुनने एवं बोलने की क्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है। इस सफल उपचार से दोनों परिवारों के जीवन में नई आशा और खुशी का संचार हुआ है। यह उपलब्धि आरबीएसके एवं चिरायु योजना के माध्यम से समय पर पहचान, उचित परामर्श, शीघ्र रेफरल तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस पहल ने दोनों बच्चों को सुनने और बोलने की नई दुनिया से जोड़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है। बीएमओ डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत के उचित मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग में चिरायु टीम – डॉ. भूपेश गेंद्रे, डॉ. शिल्पा कटारिया, विनीत कुमार (फार्मासिस्ट) एवं परनिता वर्मा द्वारा दोनों बच्चों की समय पर पहचान, परामर्श, रेफरल, आवश्यक समन्वय एवं नियमित फॉलो-अप में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और उनके जीवन में सुनने एवं बोलने की नई शुरुआत संभव हो सकी।



## चरौदा में शाला प्रबंधन समिति का गठन, चेतन बने अध्यक्ष

आरंग। शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से चेतन पैगम्बर को अध्यक्ष तथा लक्ष्मी साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं के.के. परमाल प्रधान पाठक एवं सचिव, शिक्षक सुशील कुमार आवडे कोषाध्यक्ष, प्रेमलाल साहू पंचायत प्रतिनिधि, शकुन चंद्राकर शिक्षाविद तथा अश्वनी साहू, ओमन साहू, किशोर यादव, लीलूराम साहू, जगदीश ध्रुव, मुकेश धीवर, दिनेश्वरी धीवर, जागेश्वरी धीवर, पूर्णिमा धीवर, कौशिल्या धीवर, कमलेश्वरी साहू, द्रौपती साहू, मानकुंवर सतनामी एवं कविता ध्रुव को उपस्थित पालकों द्वारा सर्वसम्मति से सदस्य मनोनीत किया गया।




### नकटी की बेदखली कार्रवाई का विरोध, कांग्रेस ने फूंका पुतला

कूंरा। कांग्रेस ने आज नकटी में अतिक्रमण हटाने के नाम हुई हृदय विदारक घटना को लेकर रायपुर में सरकार का पुतला दहन किया ओर जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक के लिए ग्रामीणों के हित में अपने संघर्ष का ऐलान करते हुए वित्त मंत्री के निवास के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया। पीसीसी ओवेशी के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ने बताया कि नकटी ग्राम के पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर सरकार की कार्यशैली के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / / अ-6 / वर्ष 2025-2026

रायपुर, दिनांक 02/07/2026

ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दानग्रहिता / आवेदक 01. श्री नीलकमल सेन पिता श्री घनश्याम सेन 02. नाबा. मुनेन्द्र कुमार सेन पिता श्री घनश्याम सेन वली माँ श्रीमती हेमिन सेन पति श्री घनश्याम सेन निवासी-रामेश्वर नगर भनपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 191/3(192/3), रकबा 0.0110हे.याने 1260 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने दानदाता श्री बुधराम पिता स्व. श्री झामन निवासी-लालपुर दाढ़ी बेमेतरा छ.ग. से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 16/06/2026 के माध्यम से दान से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत दान-पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव चटर्जी पिता/पति कालीयादो चटर्जी निवासी अवंति विहार रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम भुरकोनी पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 118/300, 118/303 रकबा 0.0334, 0.0249 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक / 46 / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 18.02.2026 के परिपालन में दिनांक 16.07.2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के भुरकोनी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-16 सारागांव**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न.-00028 सोनपैरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-.RD202526440206700022

**// ईश्ताहार //**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम सोनपैरी के वर्तमान भूमिस्वामी नामदास पिता/ पति-नूरदास पता-सा.देह , तामसिंग पिता/ पति-नूरदास पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 100/1(0.2300), 107 (0.1400), 239 (0.3000), 241 (0.4500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तामसिंग पिता/पति-नूरदास पता-सा.देह , नामदास पिता /पति-नूरदास पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/06/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदारः NILAM THAKUR**



# अब खंड वर्षा की आशंका, सरकार ने बनाई आकस्मिक कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ सीजन 2026 में अल-नीनो के संभावित प्रभाव के कारण मानसून के देर से आने, जल्दी समाप्त होने तथा फसल अवधि के दौरान लंबे अंतराल तक वर्षा नहीं होने (खण्ड वर्षा) एवं अल्प की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के किसानों के लिए सामान्य आकस्मिक कार्ययोजना तैयार की है।



इस कार्ययोजना का उद्देश्य कम वर्षा की स्थिति में भी किसानों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, उत्पादन बनाए रखना तथा खेती की लागत कम करना है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है, ताकि वर्षा की अनिश्चितता का प्रभाव कम किया जा सके। धान की खेती में रोपा पद्धति के बजाय धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया है। इस तकनीक से 20 प्रतिशत पानी की बचत होती है, प्रति एकड़ लगभग 5,000 रुपये की लागत कम आती है तथा फसल 12 से 15 दिन पहले तैयार हो जाती है।

### बारिश शुरू होने से पहले करें ये काम

राज्य सरकार ने किसानों को वर्षा शुरू होने से पहले खेतों एवं मेड़ों की सफाई, समय पर जुताई तथा खेतों में मेडबंदी कर वर्षा जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी है, ताकि उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग किया जा सके। कम वर्षा की संभावना को देखते हुए उच्चहन भूमि में धान के स्थान पर अरहर, मूंग एवं उड़द जैसी दलहनी तथा मूंगफली, तिल, रामतिल एवं सोयाबीन जैसी तिलहनी फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी गई है। ये फसलें अपेक्षाकृत कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देने में सक्षम मानी जाती हैं, जिससे किसानों का जोखिम कम हो सकता है। फसलों की कतार पद्धति से बुवाई पर भी बल दिया गया है। इससे खरपतवार नियंत्रण, नमी संरक्षण तथा पौधों की जड़ों का बेहतर विकास होता है, जिससे सूखे की स्थिति में भी फसल अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है।

### बुवाई से पहले बीज उपचार जरूरी

किसानों को बुवाई से पहले बीज उपचार अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी गई है। इसके तहत कार्बेन्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज, थायमेथोक्साम-इमिडाक्लोप्रिड 1.5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम बीज तथा धान के लिए एजोस्थिरिलम, अन्य फसलों के लिए एजोटोबेक्टर और दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम (10 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम बीज) के उपयोग की सलाह दी गई है। यदि 15 जुलाई तक अंकुरण नहीं होता है, तो किसानों को पुनः बुवाई करते समय सामान्य बीज दर की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बीज उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द की बुवाई तथा अगस्त में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि वाली अरहर की बुवाई करने का सुझाव दिया गया है।

### खाद का करें संतुलित उपयोग

कम वर्षा की स्थिति में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया है। नत्रजन उर्वरकों का सीमित उपयोग करते हुए 2 प्रतिशत यूरिया घोल का पर्णीय छिड़काव अथवा प्रति एकड़ 2 बोतल नैनो यूरिया का उपयोग अधिक लाभकारी रहेगा। वहीं दलहनी एवं तिलहनी फसलों में बुवाई के लगभग एक माह बाद 2 प्रतिशत डीएपी घोल के पर्णीय छिड़काव करने को कहा गया है।

### करें जलसंग्रह

सरकार ने गांवों में नालों पर सीमेंट की बोरियों में रेत भरकर अस्थायी बांध बनाने, डबरियों, तालाबों एवं कुओं में वर्षा जल संग्रह करने तथा आवश्यकता पड़ने पर इस संचित जल का जीवन रक्षक सिंचाई के रूप में उपयोग करने की सलाह दी है। साथ ही किसानों से मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्य करने, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाने तथा फसल विविधीकरण के माध्यम से खेती के जोखिम को कम करने की अपील की गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यदि खरीफ 2026 में वर्षा सामान्य से कम रहती है, तो किसानों के लिए कम अवधि वाली धान की किस्मों के साथ-साथ अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, रामतिल और सोयाबीन जैसी दलहनी एवं तिलहनी फसलें अपेक्षाकृत अधिक लाभकारी विकल्प साबित हो सकती हैं। राज्य सरकार ने किसानों से कृषि संबंधी किसी भी कठिनाई की स्थिति में निकटस्थ कृषि महाविद्यालय, अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग से संपर्क कर वैज्ञानिक सलाह लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सिलतरा चौकी अब थाना कंवर बने थानेदार

**रायपुर।** पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा का उन्नयन कर थाना सिलतरा का औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। राजेंद्र सिंह कंवर को यहां का थाना प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में थाना धरसींवा अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा किराए के भवन में संचालित था। आमजन को बेहतर एवं त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना सिलतरा का औपचारिक रूप से रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल, थाना प्रभारी धरसींवा राजेंद्र दीवान एवं थाना धरसींवा, थाना सिलतरा का स्टॉफ उपस्थित रहे।

### कैबिनेट की बैठक 8 को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (कैबिनेट) की बैठक 8 जुलाई को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी। इस बैठक में खरीफ सीजन के दौरान अल्पवर्षा एवं खंड वर्षा से उत्पन्न स्थिति, किसानों को खरीफ सीजन के लिए खाद बीज की उपलब्धता आदि विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

## गांव में दहशत और नाराजगी

# नकटी के बाद तूता, 36 परिवारों को मकान तोड़ने का नोटिस, 6 जुलाई तक मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्राम नकटी में गरीबों के 85 मकान तोड़ने का मामला अभी गरमाया हुआ है, इसी बीच नवा रायपुर क्षेत्र के तूता गांव में रहने वाले 36 परिवारों को उनके कब्जे की जमीन पर बने मकान तोड़ने का नोटिस जारी कर दिया गया है। 30 जुलाई को जारी इस नोटिस का जवाब 6 जुलाई तक देने कहा गया है। नोटिस के बाद मकान टूटने के डर से लोगों में दहशत के साथ नाराजगी है।

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपनी भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने अभनपुर तहसील के ग्राम तूता निवासी गयाराम पिता नथ्थू राम को कारण बताओ नोटिस जारी कर छह जुलाई तक जवाब देने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि प्राधिकरण की भूमि पर बिना अनुमति लगभग 700 वर्गफीट क्षेत्र में पक्का मकान बनाकर कब्जा किया गया है। गया राम के अलावा अन्य 35 परिवारों को इसी तरह का नोटिस दिया गया है। ग्रामीण ने बताया कि जिन 35 परिवारों को नोटिस दिया गया है, उनमें से 20 के मकान पीएम आवास योजना के तहत बनाए गए हैं।



फाइल फोटो

### क्यों न तोड़ दिया जाए कब्जा

30 जून 2026 को जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित भूमि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की स्वामित्व वाली भूमि है। ग्राम तूता, पटवारी हल्का क्रमांक-15, राजस्व निरीक्षक मंडल-केंद्री, तहसील अभनपुर स्थित खसरा नंबर 645, कुल रकबा 25.967 हेक्टेयर के एक हिस्से पर 28×25 फीट ( गया राम का कब्जा करीब 700 वर्गफुट) क्षेत्र में पक्का निर्माण किया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि यह कब्जा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के प्रावधानों के तहत अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि राज्य शासन की अधिसूचना के तहत नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक (भूमि) को तहसीलदार की शक्तियां प्राप्त हैं। इन्हीं अधिकारों का उपयोग करते हुए संबंधित व्यक्तियों से पूछा गया है कि उसके विरुद्ध अतिक्रमण हटाने और भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई क्यों नहीं की जाए।

### 6 की सुबह 11 बजे दफ्तर आकर दें जवाब

प्राधिकरण ने संबंधित व्यक्ति को 6 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि निर्धारित समय पर जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### नकटी के बाद तूता

उल्लेखनीय है कि ग्राम नकटी में हाल ही में 85 लोगों के मकान तोड़े गए हैं. इन पर शामिलात चरागन की जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान बनाने का आरोप है। इस पूरे मामले को लेकर राज्य की सियासत जबरदस्त गरमाई हुई है। जिनके मकान टूटे हैं, वे राजधानी रायपुर में आकर कलेक्टर दफ्तर में प्रदर्शन कर चुके हैं। गुरुवार को इन लोगों ने आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी का निवास घेरकर विरोध जताया है।

# अकबर बोले- नकटी में विधायक कॉलोनी कांग्रेस की नहीं, भाजपा सरकार की योजना

## भूपेश ने गरीबों को बेदखल करने से किया था इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्राम नकटी में गरीबों के मकान तोड़ने संबंधी मामले में अब पूर्व आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि नकटी में विधायक कॉलोनी बनाने की योजना कांग्रेस सरकार की नहीं थी। भाजपा के शासन में आने के बाद योजना का स्वरूप बदल कर इसे सांसद-विधायकों के लिए कॉलोनी बनाने के नाम पर वहां बसे गरीबों के घर तोड़ दिए गए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया उस समय गृह निर्माण मंडल ने केवल सामान्य आवास योजना के लिए भूमि मांगी थी, लेकिन जैसे ही यह जानकारी मिली कि प्रस्तावित भूमि पर गरीब परिवार वर्षों से निवास कर रहे हैं, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्पष्ट निर्णय लिया कि किसी भी स्थिति में अतिक्रमण हटाकर लोगों को बेघर नहीं किया जाएगा।



श्री अकबर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की प्रस्तावित योजना कुछ वर्गों के शासकीय कर्मचारियों के लिए सामान्य आवास निर्माण की थी, न कि जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष कॉलोनी विकसित करने की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिसंबर 2023 में भाजपा सरकार बनने के बाद इस योजना का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया गया और सांसदों तथा विधायकों के लिए विशेष आवासीय कॉलोनी बनाने के नाम पर गरीबों के मकान तोड़ दिए गए। उन्होंने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के समय गृह निर्माण मंडल ने 15.47 हेक्टेयर (करीब 38 एकड़) भूमि की मांग की थी। लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद कुछ ही महीनों के भीतर गृह निर्माण मंडल के आयुक्त ने 25 सितंबर 2024 को भूमि आवंटन के संबंध में सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग को पत्र भेजा। इसके बाद 4 अक्टूबर 2024 को सचिव के हस्ताक्षर से कलेक्टर रायपुर को भेजे गए पत्र में पहली बार यह उल्लेख किया गया कि माननीय सांसदों एवं षष्ठम विधानसभा के जनप्रतिनिधियों के लिए सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने हेतु 29.172 हेक्टेयर (करीब 72 एकड़) भूमि की आवश्यकता है।

### कांग्रेस के विधायकों ने आवास लेने से किया इंकार, भाजपा विधायक मौन क्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार के नकटी में गरीबों का घर उजाड़कर विधायक आवास बनाने की योजना के खिलाफ मेरी अपील के बाद कांग्रेस के 13 विधायकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर गरीबों का घर उजाड़ने का विरोध किया और नकटी में प्रस्तावित विधायक आवास लेने से इनकार किया है। विधायक आवास नकटी के बजाए किसी अन्य जगह पर खाली सरकारी जमीन पर बनाने की मांग की है, लेकिन अब तक किसी भी भाजपा के विधायक ने नकटी में आवास नहीं लेने की घोषणा क्यों नहीं की? श्री बैज ने कहा, स्थानीय विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, सुनील सोनी, खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू की संवेदनाएं क्या मर गई हैं? गरीबों की पीड़ा, उनके आंसू, उनकी बेबसी इन्हें नजर नहीं आ रही है। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा का तो जमीर पहले ही मर चुका है। उन्होंने नकटी की जनता को तो धोखा दिया ही है, सब कुछ ठीक होने का दावा कर उनके जख्मों पर नमक भी छिड़का है। श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद गरीबों की दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।



# छत्तीसगढ़ में भी लागू हो ग्रेन एटीएम योजना : श्रीवास्तव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने गत माह मेघालय राज्य के शिलांग में संचालित आधुनिक 'ग्रेन (अनाज) एटीएम' प्रणाली का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं हितग्राही-केंद्रित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत अध्ययन किया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रेन एटीएम एक अत्याधुनिक स्वचालित मशीन है, जिसे राशन दुकानों के बाहर स्थापित किया जाता है और यह बैंक के एटीएम की तरह कार्य करती है। इस प्रणाली के माध्यम से हितग्राही अपने राशनकार्ड अथवा आधारकार्ड के आधार पर मशीन में अपनी पहचान दर्ज कराते हैं। इसके बाद बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) सत्यापन होने पर मशीन निर्धारित पात्रता के अनुसार स्वतः चावल अथवा गेहूं उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक के लागू होने से हितग्राहियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्राप्त होती हैं। उन्हें राशन लेने के लिए लंबी कतारों में प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती, मशीन द्वारा निर्धारित मात्रा में ही अनाज वितरित होने से तौल संबंधी त्रुटियों एवं अनियमितताओं की संभावना समाप्त हो जाती है तथा वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनती है।



# सीजीएयूपीसीबी का संभागीय प्रतिनिधि चुनाव, 27 मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद, रायपुर के तृतीय परिषद का गठन करने पांच संभागों से प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों के जांच के बाद विभिन्न संभागों से कुल 27 प्रत्याशी मैदान में हैं। सर्वाधिक 7 प्रत्याशी बिलासपुर संभाग से तथा सबसे कम 3 प्रत्याशी बस्तर संभाग से अपना भाग्य आजमा रहे हैं। रायपुर से 5 , दुर्ग से 6 तथा सरगुजा संभाग से 6 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए हैं।

निर्वाचन पदाधिकारी एवं रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि संभागीय प्रतिनिधि निर्वाचन से नामांकन वापसी की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। नाम वापसी के लिए उम्मीदवारों को कार्यालयीन दिवस एवं अवधि में निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। यह चुनाव डाक मतपत्र के द्वारा संपन्न होगा जिसमें निर्वाचन नामावली में शामिल कुल 5187 आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा संभागीय प्रतिनिधि का चुनाव किया जाएगा। रायपुर संभाग में कुल 1312, बिलासपुर में 1490, दुर्ग में 1294, सरगुजा में 726 तथा बस्तर में 365 मतदाता हैं।

# वक्फ बोर्ड की सीएम से मांग, मदरसा बोर्ड समाप्त कर झारखंड की तरह अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण बनाएं

## अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मदरसा बोर्ड को समाप्त कर झारखंड की तरह अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण बनाने की मांग छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और झारखंड के बारे में पूरी जानकारी भी दी है।



पत्र में लिखा गया है, राज्य शासन द्वारा संचालित मदरसा बोर्ड जो वर्तमान में संचालित है, जिसके अंतर्गत राज्य के मदरसों में वर्तमान शिक्षा प्रणाली के अनुरूप दीनी तालीम के साथ आधुनिक शिक्षा नहीं दी जाती। मदरसा बोर्ड अंतर्गत आने वाले मदरसों को राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष अनुदान भी प्रदान किया जाता है, परंतु इसका समुचित लाभ अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय को नहीं प्राप्त हो रहा है। मदरसों से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी वर्तमान में केवल मौलाना या मौलवी ही बन रहे हैं, मदरसों की शिक्षा प्रणाली में वर्तमान शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बदलाव किया जाना अति आवश्यक हो गया है।

### झारखंड का दिया उदाहरण

पत्र में बताया गया है उत्तराखंड राज्य द्वारा मदरसा शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। एक जुलाई से उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद को समाप्त कर दिया गया है इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य मदरसों की शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ना है। चूंकि केन्द्र शासन एवं राज्य शासन का यह उद्देश्य है कि मदरसे में अध्ययनरत विद्यार्थियों के एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कंप्यूटर हो, जिससे मदरसों से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आगे जाकर केवल मौलाना या मौलवी ही नहीं बल्कि उसके साथ डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक आदि भी बन कर मुख्य धारा से जुड़ सकें। ऐसे में वक्फ बोर्ड का भी मानना है कि प्रदेश में संचालित मदरसा बोर्ड को समाप्त कर इसके स्थान पर वर्तमान शिक्षा प्रणाली के अनुरूप छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाना आवश्यक है जिससे छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित मदरसों में भी आधुनिक शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा एवं दीनी तालीम अल्पसंख्यक मुस्लिम विद्यार्थियों को प्राप्त हो।

### मदरसों में आधुनिक शिक्षा नहीं

डा. राज ने पत्र में बताया है, राज्य में लगभग 418 मदरसे संचालित हैं, जिसमें राज्य के कुछ मदरसे पूरी तरह छात्रविहीन हैं तथा कुछ ही मदरसों को प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा तक की मान्यता प्राप्त है जिसमें आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है। शेष मदरसों में प्राथमिक रूप से दीनी शिक्षा ही प्रदान की जा रही है जिससे मदरसों में शिक्षारत विद्यार्थियों के भविष्य पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। राज्य शासन की समस्त योजनाओं का लाभ राज्य के मदरसे लेते हैं परंतु आधुनिक शिक्षा के नाम पर शून्य हैं। मदरसों की स्थिति को देखते हुए यह आवश्यक होगा कि मदरसे अब विद्यालयी शिक्षा परिषद से जोड़े जाए।

# 782.21 लाख के कार्यों का भूमिपूजन पश्चिम क्षेत्र में विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के महादेवघाट रायपुरा क्षेत्र में 671.62 लाख की लागत से आंतरिक चतुर्दिक सड़क निर्माण कार्य तथा माधवराव सप्रे वार्ड क्रमांक 69 में 110.59 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गकया। कुल 782.21 लाख की लागत से प्रारंभ होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र की आधारभूत अधोसंरचना सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को बेहतर सड़क, सुगम आवागमन एवं आधुनिक नागरिक सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।



भूमिपूजन कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, नगर निगम महापौर मीनल चौबे, पार्षद, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह आम नागरिक के जीवन को सरल, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सम्मानजनक बनाने का माध्यम है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं संवेदनशील सोच के कारण प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने सदैव रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की है।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का सामूहिक विवाह 6 को दुर्ग में

**रायपुर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 के तत्वावधान में 6 जुलाई को उपसमिति दुर्ग में महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकरनगर में प्रदेश स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस संबंध में महासभा के प्रचार सचिव एवं मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सम्मेलन में 6 जोड़ों का विवाह होगा। इस दौरान धूमधाम से बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के अध्यक्ष ठा. बजरंग सिंह बैस होंगे। तय कार्यक्रम के तहत सुबह 7.30 बजे मंडपाच्छादन, 11 बजे मातृकापूजन, दोपहर 1 बजे बारात स्वागत एवं शाम 5 बजे पाणिग्रहण, विदाई की रस्म पूरी की जाएगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. / / अ-6 / वर्ष 2025-2026
रायपुर, दिनांक 02/07/2026
ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39,
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दानग्रहिता / आवेदक 01. श्री नीलकमल सेन पिता श्री घनश्याम सेन 02. नाबा. मुनेन्द्र कुमार सेन पिता श्री घनश्याम सेन वली माँ श्रीमती हेमिन सेन पति श्री घनश्याम सेन निवासी-रामेश्वर नगर भनपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 191/3(192/3), रकबा 0.0110हे.याने 1260 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने दानदाता श्री बुधराम पिता स्व. श्री झामन निवासी-लालपुर दाढ़ी बेमेतरा छ.ग. से पंजीकृत दान विलेख दिनांक 16/06/2026 के माध्यम से दान से प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत दान-पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/07/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 02.07.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव चटर्जी पिता/पति कालीयादो चटर्जी निवासी अवंति विहार रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम भुरकोनी पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 118/300, 118/303 रकबा 0.0334, 0.0249 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक / 46 / वाचक/ ना.तह. / 2026 दिनांक 18.02.2026 के परिपालन में दिनांक 16.07.2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के भुरकोनी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 सारागांव

**आम सूचना**
कचना प.ह.नं. 43 रानिमु रायपुर 8 शंकरनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि ख नं. 1163/6 रकबा 0.3450 एवं खसरा नं. 1163/7 रकबा 0.3040 हे के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण रीना साहू पति स्व. भरतलाल साहू, नाबा संजय कुमार, नाबा नीलू साहू दोनो पिता स्व. भरतलाल साहू, लेखराम मिथिला बाई, किरण तीनो पिता स्व. बिसहतराम साहू एवं श्रीमती केंवराबाई पति स्व बिसहतरा साहू निवासी कचना रायपुर तहसील व जिला रायपुर(छ०ग०) वाले से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम कचना प०ह०नं० 43 रा०नि०म० रायपुर 8 शंकरनगर तहसील व जिला रायपुर(छ.ग.) स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 1163/6 रकबा 0.3450 एवं खसरा नं. 1163/7 रकबा 0.3040 हे कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.6490 हेक्टेयर को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन कर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

तदनुसार सूचना जानें।

रायपुर
दिनांक 02 जुलाई 2026 भवदीय
महेशमणी साहू अधिवक्ता
एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा
पण्डरी रायपुर(छ.ग.)
मो. 9827169003 / 9425216457



## निधन

### सुखनंदन बंजारे



रायपुर। मोवा, आदर्श नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुखनंदन बंजारे (49) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जुलाई को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शत्रुघ्न बंजारे के पुत्र, देवेंद्र कुमार बंजारे के भाई तथा रामेश्वरी बंजारे के पति व युक्ता एवं देवांश के पिता थे। रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी, सदस्यों ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### क्षमा तिवारी



रायपुर। बरड़िया विहार कॉलोनी अमलीडीह निवासी सुश्री क्षमा तिवारी का 3 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भरत राणा की बहन और श्रद्धा एवं पूजा की बुआ थीं।

### ओमप्रकाश रोहरा



रायपुर। आनंद निकेतन अवंति विहार रायपुर निवासी ओमप्रकाश रोहरा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को सुबह 11 बजे निवास स्थान से ते ली बां धा मुक्तिधाम जाएगी। वे परसराम रोहरा के भाई एवं संतोष, दीपक रोहरा के पिता थे।

### सुनीता ओटवानी



रायपुर। महावीर नगर निवासी सुनीता ओटवानी निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को अपरान्ह 11.30 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे राजकुमार ओटवानी की पत्नी थीं।

### शांतिलाल दुग्गड़



रायपुर। गुढ़ियारी निवासी शांतिलाल दुग्गड़ (79) का 3 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से गुढ़ियारी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विजय कुमार, नवरतन लाल दुग्गड़ के भाई एवं मनीष के पिता थे।

# आग से झुलसे मरीजों के इलाज की सुविधाओं का होगा विस्तार, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

विभिन्न घटनाओं में आग से झुलसने वाले मरीजों के इलाज के लिए सुविधाओं के विस्तार की तैयारी की जा रही है। राज्य एक एकमात्र शासकीय डीके अस्पताल में संचालित बर्न यूनिट में काफी संख्या में मरीज आते हैं, जिसकी तुलना में 20 बेड की क्षमता बहुत कम महसूस की जा रही है। कुछ समय पहले निरीक्षण के लिए आए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने इस संबंध में निर्देश दिया था।

वैसे तो मामूली रूप से झुलसे मरीजों को प्राथमिक इलाज की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य अस्पतालों में मिल जाती है। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए डीके हास्पिटल रेफर करना पड़ता है जहां शासकीय स्तर पर एकमात्र बर्न यूनिट का संचालन किया जाता है। यहां मरीजों के लिए आईसीयू में 20 बेड की सुविधा है जो कई बार आपात स्थिति होने पर कम महसूस होने लगती है। इसी तरह जरूरत के हिसाब से बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग का संचालन काफी कम स्थान पर होता है। पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा आयुक्त यहां निरीक्षण के लिए आए थे। इस दौरान उन्होंने आवश्यकता के आधार पर बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सुविधा जुटाने के निर्देश दिए थे। जानकारों का कहना है कि यहां सुविधा बढ़ाने के बाद ज्यादा संख्या में मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा सकेगा। अक्सर दीपावली के दौरान अथवा आद्योगिक इलाकों में होने वाली घटनाओं के दौरान मरीजों को इलाज के लिए यहां लाया जाता है। स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें मजबूरी में निजी सेक्टरों में शिफ्ट करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों में डीकेएस एकमात्र सरकारी अस्पताल है जिसमें स्किन बैंक के साथ ही साथ बर्न आईसीयू और प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए 20 बेड बर्न आईसीयू के और 40 बेड प्लास्टिक सर्जरी के हैं। कुल मिलाकर बर्न यूनिट में 60 बेड की सुविधा उपलब्ध है। यहां बिस्तरों की संख्या बढ़ने के बाद यह समस्या दूर होगी। डीके अस्पताल में संचालित बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में वर्तमान में एमसीएच पाठ्यक्रम का संचालन भी किया जाता है।

### डीके हास्पिटल के बर्न यूनिट में बेड बढ़ाने की तैयारी

#### वार्ड विस्तार के लिए इंतजार

आवश्यकता के ध्यान में रखते हुए बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी के साथ न्यूरो सर्जरी विभाग में मौजूद आईसीयू के विस्तार की जरूरत है। यहां के न्यूरो सर्जरी विभाग में भी काफी संख्या में मरीज भर्ती होते है। होने वाले सड़क हादसे में जख्मी होने वाले मरीजों को इलाज के लिए इसी अस्पताल में लाया जाता है। न्यूरो सर्जरी के लिए अस्पताल में पृथक यूनिट संचालित करने की पुरानी योजना है।



■ एकमात्र शासकीय अस्पताल में उपचार की सुविधा, अभी बेड 20 बेड

#### स्किन बैंक भी संचालित

डीके अस्पताल के इस बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के माध्यम से स्किन बैंक भी संचालित होती है। यह शासकीय स्तर का पहला ऐसा बैंक है जहां मृत्यु के बाद त्वचा का दान किया जा चुका है। स्किन बैंक में अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों की त्वचा का दान किया जा चुका है। इसका उपयोग प्लास्टिक सर्जरी के दौरान किया जाता है। राज्य में इसके अलावा स्किन बैंक भिलाई के एक प्राइवेट अस्पताल में संचालित होता है।

### नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 6 जुलाई को

# विशेष बैठक में एक-एक वार्ड में सफाई-पानी जलभराव सहित अन्य व्यवस्थाओं की खुलेगी पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर की विशेष सामान्य सभा की बैठक 6 जुलाई को होने जा रही है। इस बैठक में निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में व्याप्त सफाई, पानी, जलभराव, अवैध प्लाटिंग सहित कई व्यवस्थाओं की पोल भी खुलेगी, क्योंकि इस बैठक में सभी वार्ड के पार्षद बारी-बारी से अपने-अपने वार्ड की उन सभी ज्वलंत समस्याओं को रखेंगे, जिसके कारण उनके वार्डों के कई इलाकों में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राजधानी रायपुर में मानसून का आगाज हो चुका है, लेकिन अभी भी शहर के कई वार्डों में बड़े नालों से लेकर छोटी नालियों तक की सफाई नहीं हो पाई है। आधे से एक घंटे की तेज बारिश होते ही गंदगी से जाम छोटे-बड़े नाले उफान पर आ जाते हैं, जिसके कारण इनकी गंदगी भरी बारिश का पानी सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। कई जगह जलभराव की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। इसके अलावा बारिश के सीजन में कई इलाकों में नगर निगम के नलों से पीने का पानी भी गंदा या मटमेला आने लगता है। इन समस्याओं से हर साल लोग जूझते रहे। इस बार भी कई वार्ड में यह समस्या बनेगी, क्योंकि अब तक छोटे-बड़े कई नालों की सफाई तक नहीं की गई है, जबकि मानसून के आगमन से पूर्व नगर निगम के आयुक्त एवं महौपार कई बैठक लेकर सभी जोन अधिकारियों को बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कराने के सख्त निर्देश दिए है। इसके बावजूद अब तक कई नाले जाम पड़े हुए हैं।

### पार्षद खुलकर रखेंगे अपने-अपने वार्ड की ज्वलंत समस्याएं

#### अवैध प्लाटिंग-अतिक्रमण पर हंगामा होने के आसार



बैठक में अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण के मामलों एवं कार्रवाई पर भी चर्चा हुई। इस मामले में हंगामा होने के भी आसार रहेंगे, क्योंकि शहर में ऐसे कई वार्ड है, जहां अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण के थोक में मामले सामने आ चुके है। इनमें कई मामलों में तो जोन दफ्तर से लेकर निगम मुख्यालय में शिकायत तक की गई है, इसके बाद भी इन मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस के शासन काल में शहरभर में 400 से अधिक प्रकरण सामने आए थे। इन सभी प्रकरणों में बिल्डरों के माध्यम से अवैध प्लाटिंग कराई गई है, लेकिन इन प्रकरणों में मात्र कुछेक में ही एफआईआर कराई गई थी। पिछले ढाई साल के दौरान भी बड़ी संख्य में अवैध प्लाटिंग के प्रकरण सामने आए है, जिसमें कुछ प्रकरण में शासकीय बड़ी जमीनों पर अतिक्रमण कर मकानों का निर्माण कराया था। इन मकानों को तोड़ने की कार्रवाई कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया, लेकिन कब्जा करने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

#### सभापति ने पार्षदों से कहा- नगर हित में ज्वलंत समस्याओं पर खुलकर विचार रखें

*नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने शुक्रवार को अपने कक्ष में भाजपा, कांग्रेस एवं निर्दलीय सभी दलों के पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक मे उन्होंने कहा कि विशेष सामान्य सभा की बैठक ज्वलंत समस्याओं को लेकर रखी गई है, ताकि सभी वार्डों के पार्षद अपने-अपने वार्ड से संबंधित जलवंत समस्याओं की बातें खुलकर रख सके। इस दौरान उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की है कि वे इस खुली चर्चा में नगर हित को ध्यान में रखकर खुलकर अपने विचार रखें।*

### दो दिन में असर मध्य हिस्से तक होने के आसार

# ओडिशा से सटे जिलों में भारी बारिश, यहां उमस गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राजधानी में बूंदाबांदी का दौर, तापमान में गिरावट होते ही उमस गायब
- सारंगढ़ में 140, सरायपाली में 100, सरसींवा में 80 मिमी. वर्षा दर्ज

बंगाल की खाड़ी में तैयार सिस्टम ने जुलाई शुरू होते ही प्रदेश में अपना असर दिखाना शुरू किया है। ओडिशा से सटे कई जिलों में भारी से अतिभारी बारिश हो रही है। सिस्टम से सक्रिय होने के बाद अगले दो दिन में इसका असर मध्य इलाके में भी होने के आसार हैं। राजधानी में शुक्रवार को दिनभर बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। इससे तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट होने की वजह से उमस पूरी तरह गायब हो गयी।

जून महीना राज्य में 66 फीसदी कम वर्षा के साथ समाप्त हुआ था, जो पिछले तीन दिन में कम होकर 46 प्रतिशत हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बिलासपुर और सरगुजा को छोड़कर बाकी जिले वर्षा की बड़ी कमी के संकट से उबरते नजर आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों में राज्य में 55.7 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। अभी उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि का विस्तार हो गया है। पिछले चौबीस घंटे से ओडिशा से लगे जिलों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जोरदार बारिश हो रही है। सर्वाधिक वर्षा सारंगढ़ में 140 मिमी. दर्ज की गयी है। वहीं राजनांदगांव के लालबहादुर नगर में 110, सरायपाली, बड़े बचेली, कुसमी में 100, चिरमिरी, डौंडीलोहारा में 90-90, सरसींवा में 80, देवरी, हसौद, बरमकेला मुंगेली, छुरिया, डोंगरगांव, महासमुंद में 70, भटगांव, भानुप्रतापुर में 60 तथा बालोद में 50 मिमी. तक बारिश हुई। सक्रिय सिस्टम का आगे का पड़ाव अगले दो दिन में मध्य इलाका होने की उम्मीद है। शहर में छाए बादल और होने वाली बूंदाबांदी के प्रभाव से मौसम पूरी तरह बदल चुका है। यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक नीचे जा चुका है।

#### इस तरह रहा तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 28.5 |
| बिलासपुर | 28.0 |
| अंबिकापुर | 31.4 |
| पेंड्रा | 32.0 |
| जगदलपुर | 26.4 |
| दुर्ग | 30.6 |
| राजनांदगांव | 28.5 |


### बिजनेस साइट

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में तीन दिवसीय निशुल्क मेगा स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जरी कैंप 7 अगस्त से

रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल अपनी स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर 7, 8 और 9 अगस्त 2026 को तीन दिवसीय निशुल्क मेगा स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जरी कैंप-2.0 आयोजित करेगा। कैंप में आर्थिक रूप से कमजोर एवं बीपीएल वर्ग के 50 चयनित मरीजों की स्पाइन और ऑर्थोपेडिक सर्जरी पूरी तरह निशुल्क की जाएगी।

अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि संस्थान अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक से 2000 से अधिक नी-रिप्लेसमेंट तथा 300 से अधिक स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुका है। कैंप में डिस्क प्रोलैप्स, कैनाल स्टेनोसिस, स्कोलियोसिस, हिप व नी-रिप्लेसमेंट, पुराने जटिल फ्रैक्चर, प्लास्टिक सर्जरी तथा पेन मैनेजमेंट से जुड़े



मरीजों को विशेषज्ञ उपचार मिलेगा। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और अहमदाबाद के विशेषज्ञ चिकित्सक भी सेवाएं देंगे। पात्र मरीजों के चयन हेतु 4 जुलाई से अस्पताल परिसर में प्रतिदिन निशुल्क स्क्रीनिंग एवं ओपीडी परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। पूर्व नियुक्ति के आधार पर ही स्क्रीनिंग और सर्जरी के लिए चयन किया जाएगा।

## रक्षाबंधन की खरीदारी से गुलजार हुआ 'सूत्रा फैशन एग्जीबिशन', पहले दिन 1500 से अधिक पहुंचे



रायपुर। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर शहर में खरीदारी का उत्साह चरम पर है। इसी बीच होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित 'सूत्रा इंडियन फैशन एग्जीबिशन- राखी एडिट' के पहले दिन 1500 से अधिक लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की। आयोजकों के अनुसार, देशभर के प्रसिद्ध डिजाइनर्स के स्टॉल्स पर महिलाओं, युवतियों और परिवारों की अच्छी-खासी भीड़ रही। एग्जीबिशन में डिजाइनर सूट, साड़ियां, इंडो-वेस्टर्न परिधान, कुंदन व मीनाकारी ज्वेलरी, ट्रेंडी फुटवियर, डिजाइनर क्लच तथा होम डेकोर उत्पादों को खरीदारों ने विशेष पसंद किया। रक्षाबंधन के लिए पेस्टल रंगों और हल्की कढ़ाई वाले परिधानों की मांग सबसे अधिक रही। आयोजकों का कहना है कि प्रदर्शनी 4 और 5 जुलाई तक जारी रहेगी। सप्ताहांत होने के कारण आगामी दो दिनों में और अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है। एग्जीबिशन होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड पर आयोजित है, जहां प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

## कुशालपुर में अनंतरा मार्ट की नई शाखा का शुभारंभ कल

रायपुर। शहर के तेजी से विकसित हो रहे कुशालपुर क्षेत्र में सुपर मार्केट चेन अनंतरा मार्ट की नई शाखा का शुभारंभ 5 जुलाई को किया जाएगा। संस्थान के संचालक आकाश जैन एवं सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और सुविधाजनक खरीदारी को ध्यान में रखते हुए कुशालपुर चौक में नई शाखा शुरू की जा रही है। यहां उपभोक्ताओं को दैनिक उपयोग के सभी घरेलू उत्पाद किफायती कीमतों और आकर्षक ऑफर्स के साथ वर्षभर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि अनंतरा मार्ट की शाखाएं गोल्डन टॉवर बोरियाखुर्द, भाठागांव, शैलेंद्र नगर तथा बेमेतरा में पहले से संचालित हैं। संस्थान का दावा है कि ग्राहकों को एमआरपी पर 7 से 70 प्रतिशत तक की छूट, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और प्रतिस्पर्धी दरों का लाभ मिलेगा। भुगतान के लिए सभी प्रमुख क्रेडिट-डेबिट कार्ड तथा यूपीआई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही ग्राहकों की सुविधा के लिए होम डिलीवरी सेवा भी प्रदान की जाएगी। संचालकों ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से नई शाखा के शुभारंभ अवसर पर पहुंचकर ऑफर्स का लाभ उठाने की अपील की।

## अविनाश मैग्नेटो मॉल में सुपर संडे सेल कल, ब्रांडेड शॉपिंग पर फ्लैट 50% तक की बंपर छूट



रायपुर। शहरवासियों के लिए रविवार, 5 जुलाई को खरीदारी का शानदार अवसर रहने वाला है। अविनाश मैग्नेटो मॉल में सुपर संडे सेल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें फैशन, लाइफस्टाइल, फुटवियर, एक्सेसरीज, ब्यूटी सहित विभिन्न श्रेणियों के कई प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स पर फ्लैट 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट मिलेगी। मॉल प्रबंधन के अनुसार, यह विशेष सेल केवल एक दिन के लिए आयोजित की जाएगी। ऐसे में शॉपिंग के शौकीनों के लिए अपनी पसंदीदा ब्रांडेड वस्तुओं की खरीदारी आकर्षक ऑफर्स के साथ करने का सुनहरा अवसर रहेगा। ग्राहकों को एक ही स्थान पर विभिन्न ब्रांड्स की विस्तृत रेंज के साथ प्रीमियम शॉपिंग अनुभव भी मिलेगा। बजट में ब्रांडेड उत्पाद खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए यह सेल खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। बड़ी संख्या में ग्राहकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मॉल प्रबंधन ने आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली हैं।


# पुलिस ने दर्ज की दहेज प्रताड़ना और गर्भपात कराने की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ तीन वर्ष पूर्व महिला की शादी पश्चिम बंगाल, आसनसोल के तलाक शुदा व्यक्ति के साथ हुई थी

मोवा में रहने वाली एक महिला ने अपने पति तथा सास-ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा दो बार गर्भपात कराने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला की शादी पश्चिम बंगाल, आसनसोल में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ वर्ष 2023 में हुई थी। महिला तथा उसका पति तलाकशुदा थे। काउंसिलिंग में विवाद नहीं सुलझने पर महिला थाने की पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

रिचा डोकानिया ने अपने पति बिनीत माखरिया, ससुर दिलीप तथा सास लता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसकी शादी बिनीत के साथ 26 मई 2023 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक महिला के प्रति उसके ससुराल वालों का व्यवहार ठीक रहा। इसके बाद ससुराल वाले महिला से दहेज की मांग करने लगे। महिला ने आरोप लगाया है कि दहेज नहीं देने पर उसे उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे।

इस दौरान महिला दो बार गर्भवती हुई, लेकिन दोनों बार ससुराल वालों ने अपनी बहू का गर्भपात करा दिया। महिला वर्ष 2025 से अपने मायके में रह रही है।

## फॉर्मेसी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने फॉर्मेसी प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। व्यापम ने डीफॉर्मा और बीफॉर्मा के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को किया था। जून माह में मॉडल आंसर जारी कर दावा आपत्ति मंगाए गए थे। इनके निराकरण पश्चात अंतिम उत्तर और परिणाम 3 जुलाई को घोषित कर दिए गए। छात्र अपने परिणाम व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर देख सकते हैं।

# नए पाठ्यक्रम लांच, फिर भी नहीं मिल रहे विद्यार्थी, बढ़ाई गई रजिस्ट्रेशन तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- इग्नू के नवीन सत्र के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे विद्यार्थी
- जलवायु परिवर्तन में एमएससी सहित 36 विषयों में पीएचडी

विद्यार्थियों को कई तरह की सुविधाएं प्रदान किए जाने के बाद भी इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में अधिक रुझान देखने को नहीं मिल रहा है। अब इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब पात्र छात्र 15 जुलाई तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन री-रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह बढ़ी हुई समय सीमा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन मोड के तहत संचालित सभी पात्र पाठ्यक्रमों पर लागू होगी। विश्वविद्यालय ने छात्रों को प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने और बिना किसी रुकावट के पढ़ाई जारी रखने के लिए अतिरिक्त समय दिया है।

### इन छात्रों के लिए जरूरी री-रजिस्ट्रेशन

विश्वविद्यालय के अनुसार, जो छात्र अगले सेमेस्टर या अगले शैक्षणिक वर्ष में अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं, उनके लिए री-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। समय पर री-रजिस्ट्रेशन नहीं करने पर आगे की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। साथ ही विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे अंतिम दिन का इंतजार न करें। आखिरी समय में वेबसाइट पर अधिक ट्रैफिक होने से तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं। री-रजिस्ट्रेशन की बढ़ी हुई अंतिम तिथि केवल जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए लागू है। यह ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन मोड के तहत संचालित सभी पात्र कार्यक्रमों के लिए मान्य होगी।





### जलवायु परिवर्तन पाठ्यक्रम पहली बार

इग्नू ने नवीन शैक्षणिक सत्र से जलवायु परिवर्तन में एमएससी की डिग्री प्रारंभ की है। ऐसा करने वाला यह देश का पहला शैक्षणिक संस्थान हैं। इसके अलावा विभिन्न संकायों के अलग-अलग 36 विषयों में पीएचडी की सुविधा भी इग्नू द्वारा प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि इग्नू देश के सबसे बड़े मुक्त विश्वविद्यालयों में से एक है। यहां स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट, प्रोफेशनल और व्यावसायिक (वोकेशनल) सहित कई तरह के पाठ्यक्रम दूरस्थ और ऑनलाइन माध्यम से संचालित किए जाते हैं।

## पेज 09 के शेष ...

### आधी रात ब्वॉयज हॉस्टल में मची भगदड़ ...

घायल विद्यार्थी अब पूरी तरह से खतरे से बाहर है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। रात में ही सभी छात्रों को अपने कक्ष खाली करने कहा गया और उन्हें दूसरे कमरों में शिफ्ट कराया गया। इससे आधी रात को विवि में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

घटना के अगले दिन सुबह शुक्रवार को छात्रों ने मूलभूत सुविधा की मांग लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके कारण शुक्रवार को भी विवि में स्थिति तनावपूर्ण रही। एनएसयूआई कार्यकर्ता जहां कुलपति वाहन के सामाने ही लेट गए तो वहीं एबीवीपी ने ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं। छात्रों ने इस लापरवाही के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### सुबह से शाम तक कलेक्टोरेट में धरना...

सुबह करीब 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक धरना-प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन में कांग्रेस के भी कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**मंत्री बंगले का किया घेरावः** सुबह से शाम तक धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी जब ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से कोई जवाब या आश्वासन नहीं आया, तो सभी प्रदर्शनकारी आक्रोशित होकर कलेक्टोरेट में धरना-प्रदर्शन बंद कर मंत्री ओपी चौधरी के बंगले जा पहुंचे और यहां बंगले के बाहर धरना देकर प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि घर टूटने पर वे बेघर हो चुके हैं। रहने के लिए अब उनके पास कोई आवास नहीं है, इसलिए जब तक उनकी मांगें मानी नहीं जातीं, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

**बंद किए गए कलेक्टोरेट के सभी मुख्य गेटः** ग्रामीणों के धरना-प्रदर्शन के कारण कलेक्टोरेट में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का पुख्ता इंतजाम रहा। कलेक्टोरेट परिसर में जाने वाले तीनों मुख्य गेट को बंद कर वहां बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनात रही। तीनों गेट बंद होने से कलेक्टोरेट में आने-जाने वाले आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। टाउन हॉल एवं रेडक्रास भवन की तरफ के मुख्य गेट के पास कई लोगों को अंदर और बाहर जाने को लेकर पुलिस कर्मियों के साथ विवाद की स्थिति भी बनती रही। हालांकि ज्यादातर लोग जिला पंचायत के मुख्य गेट तथा कलेक्टोरेट परिसर के अंदर से कोर्ट जाने वाले रास्ते से आना-जाना करते रहे।

### सीएम हाउस का घेराव...

दिया। हालांकि यहां भी लगभग दो से ढाई घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद भी ग्रामीणों को शासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला।

**कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडलः** मुख्यमंत्री निवास पहुंचने के बाद प्रभावित ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर गौरव सिंह से मिलने गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह चर्चा विफल रही है, क्योंकि कलेक्टर ने बातचीत के दौरान उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का सिर्फ आश्वासन दिया है। इस चर्चा के बाद प्रतिनिधिमंडल वापस मुख्यमंत्री निवास पहुंचा और इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को दी, जिसके बाद अब इस मामले में ग्रामीण आगे की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि इस बीच सूत्रों से ऐसी भी खबर मिली कि ग्रामीण अपनी मांगों पर विचार करने के लिए एक-दो दिन का और समय देंगे, क्योंकि इस मामले में पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरी करने के लिए आठ सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति की रिपोर्ट आने तक संभवतः ग्रामीण धरना-प्रदर्शन नहीं करेंगे।

**सड़क पर बैठकर खाया खानाः** दिनभर प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने रात करीब 9.30 बजे मुख्यमंत्री निवास के सामने सड़क पर बैठकर एक साथ खाना खाया। सामाजिक संगठनों की ओर से उनके लिए भोजन मंगाया गया था। ग्रामीणों के इस प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा रहा।

### रायपुर व दुर्ग से होकर गुजरेगी ब्रह्मपुर...

जुलाई को शाम पांच बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08411 ब्रह्मपुर–उधना ब्रह्मपुर स्टेशन से शाम पांच बजे रवाना होकर विजयनगरम -टिटलागढ़ होते हुए रायपुर 7:20 बजे दुर्ग, 08:15 बजे गोंदिया, 10:20 बजे, नागपुर 12:00 बजे होते हुए अकोला भुसावल के रास्ते से उधना 02:00 बजे पहुंचेगी।

## डीएमएफ की प्रबंध समिति में वरिष्ठ भाजपा नेता तिवारी



रायपुर। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) रायपुर की प्रबंध समिति में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी को सदस्य मनोनीत किया गया है। कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में की गई है। इस क्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी के नाम का प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें प्रबंध समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। श्री तिवारी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के प्रति आभार जताया है।

# हिदायतुल्ला विधि विवि ने बढ़ाई मेस फीस, कहा- सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि ने मेस शुल्क में वृद्धि कर दी है। अब तक छात्रों को प्रतिदिन भोजन के 147 रुपए चुकाने होते थे। अब उन्हें 154.35 रुपए देने होंगे। यदि कोई छात्र 260 दिन हॉस्टल में रहता है, तो उसे साल के 2000 रुपए अतिरिक्त भोजन पर खर्च करने होंगे। विवि प्रशासन के अनुसार, यह वृद्धि सिलेंडर तथा पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि के कारण की गई है। विश्वविद्यालय का कहना है कि भोजन शुल्क से कोई वित्तीय लाभ प्राप्त नहीं किया जाता है। भोजन शुल्क के रूप में एकत्र की गई पूरी राशि भोजन सेवाओं के प्रावधान के लिए सीधे कैटरिंग ठेकेदार को भेज दी जाती है। विश्वविद्यालय छात्रों से कोई प्रशासनिक या सेवा शुल्क लिए बिना भोजन संचालन की निगरानी, पर्यवेक्षण, समन्वय, ऑडिटिंग और सुविधा की प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालता है। इसके अलावा, बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया गया है और लड़कों तथा लड़कियों के सी और डी ब्लॉक के डाइनिंग हॉल को वातानुकूलित किया गया है, जिसमें भारी बिजली शुल्क शामिल है। भोजन के आरामदायक अनुभव के लिए इस शैक्षणिक वर्ष में छात्रावास ब्लॉक के लिए और अधिक रीमॉडलिंग और नवीनीकरण की योजना है।

### कैटरिंग संचालक ने की थी 10% वृद्धि की मांग

विवि ने आदेश में जुलाई 2024 और जुलाई 2026 में पेट्रोल-डीजल तथा एलपीजी सिलेंडर के दामों का तुलनात्मक अध्ययन भी छात्रों के समक्ष पेश किया। विवि का कहना है, दो सालों में मूल्य वृद्धि को देखते हुए कैटरिंग ठेकेदार ने संविदात्मक प्रावधानों के अनुसार मौजूदा प्रतिदिन के भोजन शुल्क में 10% वृद्धि का औपचारिक अनुरोध किया था। विस्तृत चर्चा और बातचीत के बाद, विश्वविद्यालय प्रशासन इस वृद्धि को केवल 5% तक सीमित करने में सफल रहा, जिससे गुणवत्ता और भोजन सेवाओं की निरंतरता से समझौता किए बिना छात्रों पर वित्तीय प्रभाव काफी कम हो गया।

### मेस फीस में 5 प्रतिशत की वृद्धि, प्रबंधन ने कहा- भोजन से वित्तीय लाभ नहीं



### यह है आदेश में

प्रबंधन द्वारा आदेश में लिखा गया है कि विश्वविद्यालय ने हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी निवासी छात्रों को सबसे उचित लागत पर गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। पिछले दो वर्षों में आवश्यक वस्तुओं और खाना पकाने की सामग्री की लागत में महत्वपूर्ण वृद्धि के बावजूद मौजूदा भोजन शुल्क अपरिवर्तित रहे हैं। इस अवधि के दौरान, ईंधन और अन्य सामग्री की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भोजन प्रदान करने की लागत को प्रभावित करती हैं।

## कुल तीन सौ ठगी, सौ में बिंगसन जॉन के खिलाफ दर्ज है अपराध

# तीन सौ होटलों में मुफ्त की मौज मस्ती रायपुर में चार साल पहले कर चुका है फ्रॉड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होटल हयात में बगैर भुगतान के तीन दिन मुफ्त का माल उड़ाने तथा लैपटॉप चोरी करने वाला बिंगसन जॉन रायपुर में चार वर्ष पूर्व दो होटलों में ठगी कर चुका है। पुलिस पूछताछ में इसका खुलासा हुआ है। जालसाज ने जिन तीन सौ होटलों में ठगी की है, उनमें से सौ में उसके खिलाफ अपराध दर्ज हैं। अपराध भी इसलिए दर्ज हैं, क्योंकि उसने उन होटलों से लैपटॉप चोरी किया था। लैपटॉप को बेचकर उसने उन पैसों को अय्याशी में उड़ाया है।

■ नार्थ ईस्ट से लेकर देश के दो दर्जन राज्यों में कर चुका है ठगी

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह चार वर्ष पूर्व होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल के साथ एक अन्य होटल में मुफ्त की सेवाएं ले चुका है। किसी भी प्रकार का सामान चोरी नहीं होने पर होटल प्रबंधन ने बिंगसन के खिलाफ थाने में किसी भी प्रकार से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। जालसाज को रायपुर के बारे में जानकारी नेट से मिली थी। इसके बाद उसने रूम स्टे के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। बताया जा रहा है, जालसाज तब रायपुर में दस दिन से ज्यादा रुका था।



कंपनी का अफसर बनकर लग्जरी होटल में 3 दिन रुका, खाया-पीया बिल अदा किए बिना हुआ रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली, मुंबई, पुणे सहित देश के कई बड़े शहरों की तरह अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लग्जरी होटलों में भी ठगी होने लगी है। दूसरे राज्य से आने वाले कुछ लोग किसी बहाने से लग्जरी होटल में ठहरते हैं और फिर होटल के महंगे व्यंजनों का स्वाद लेने के बाद महंगी चीजें चोरी कर फरार हो जाते हैं। एक ऐसा ही मामला लभांडी रायपुर स्थित लग्जरी होटल हयात का सामने आया है। इस होटल में किसी निजी कंपनी का अफसर बनकर रुका तमिलनाडु का रहने वाला एक व्यक्ति 3 दिनों तक ब्रेक फास्ट, लंच एवं डिनर करता रहा, वहीं चौथे दिन अचानक वह बिल का भुगतान किए बिना रफूचक्कर हो गया। जाते-जाते वह होटल का एक लैपटॉप भी चोरी कर ले गया। इस घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाना में दर्ज कराई गई है।

■ होटल हयात में ठगी का मामला आया सामने, जाते-जाते लैपटॉप भी चोरी कर ले गया

तमिलनाडु का आईडी दिखाकर रुका था व्यक्ति

थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार होटल हयात में 3 दिन पूर्व भीमसेन जॉन 61 वर्ष नामक व्यक्ति जिसने खुद को तमिलनाडु का रहने वाला बताया और एक कमरे की बुकिंग कराई। भीमसेन ने कमरा लेते समय होटल रिसेप्शन में बैठे कर्मचारियों को कंपनी के किसी काम से रायपुर आने की जानकारी दी थी। कमरा देने के दौरान भीमसेन की आईडी की कॉपी भी ली गई थी। होटल में वह 3 दिन तक ठहरा रहा। इस दौरान वह होटल में ही चाय, नाश्ता से लेकर लंच एवं डिनर भी करता रहा, जिसके बिलों का भुगतान उसने कमरा छोड़ने के दिन करने की बात कही थी, लेकिन चौथे दिन अचानक वह होटल के स्टॉफ में किसी को कुछ बताए बगैर चला गया। जब वह नहीं लौटा, तो होटल प्रबंधक ने उसके कमरे की तलाशी ली। उसके कमरे में उसका समान भी गायब था। ⏭ शेष पेज 13 पर

आईडी भी फर्जी होने की आशंका

जिस आईडी से भीमसेन होटल में ठहरा हुआ था, वह आईडी सही है या फर्जी है, इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी इससे पूर्व भी मुंबई, दिल्ली, पुणे, हैदराबाद सहित देश के कई बड़े शहरों में इसी प्रकार लग्जरी होटलों में रुक कर ठगी कर चुका है। फिलहाल होटल के सीसीटीवी कैमरे से आरोपी के मिले फुटेज के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

### आईटीसी की सूचना पर गिरफ्तार

होटल हयात में ठगी तथा चोरी होने पर पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपी का फूटेज हासिल कर उसके भागने के संभावित राज्यों की पहचान कर आरोपी के फोटो उन राज्यों के थ्री तथा फाइव होटल प्रबंधन को भेज कर अलर्ट किया था। इसी दौरान पुलिस को भुवनेश्वर एयरपोर्ट से करीब 10 किलोमीटर दूर आईटीसी द्वारा संचालित एक फाइव स्टार होटल में होने की जानकारी मिली। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार करने रायपुर से ओडिशा के लिए पुलिस टीम रवाना की गई।

### जाते...जाते बोला, जेल भी किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं

पकड़े जाने के बाद बिंगसन के चेहरे पर किसी तरह का अपराध बोध नहीं था, उसने पुलिसकर्मियों को देख कर मुस्कराते हुए कहा, आप लोग बधाई के पात्र हो आप लोगों ने मुझे ओडिशा आकर गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है, पुलिस पूछताछ के दौरान जालसाज, पुलिसकर्मियों को वो कैसे ठगी करता था, उसके किस्से बता रहा था। पुलिस ने उसे उम्र का हवाला देते हुए ठगी से दूरी बनाने की सलाह दी, तो उसने कहा जवानी में ठगी बंद नहीं की, तो अब बुढ़ापे में ठगी बंद कर क्या करूंगा। जेल में होने वाली परेशानियों की पुलिस ने बात कही, तो उसने पुलिस को कहा कि उसके लिए जेल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं है।

### महज सौ प्रकरण में अपराध दर्ज

जालसाज ने देश के अलग-अलग राज्यों में तीन सौ होटलों में जालसाजी की है, लेकिन उसके खिलाफ सौ होटल प्रबंधन ने ठगी तथा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन होटल प्रबंधन ने ठगी तथा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जालसाज उन होटलों से लैपटॉप चोरी कर ले गया था। इसीलिए उसके खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज हुई।

नगर निगम आयुक्त ने की सभी 70 वार्डों में प्रभारी अभियंता की नियुक्ति

# वार्डों में पीएम आवास का सर्वे, अवैध नल कनेक्शन लीकेज सहित कई कार्यों का निरीक्षण प्रभारी अभियंता

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन करने वाले पात्र-अपात्र हितग्राहियों का सर्वे से लेकर वैध-अवैध नल कनेक्शन, पाइप लाइन लीकेज, मीटर एवं जल प्रदाय की स्थिति, स्वच्छता सर्वेक्षण, तालाब, सार्वजनिक शौचालय, गार्डन, ओपन जिम सहित अन्य कई कार्य का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी अब अभियंताओं को सौंपी गई है। इसके लिए नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने प्रत्येक वार्ड में प्रभारी अभियंता की नियुक्ति की है। इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभावशील कर दिया है।



### हर सप्ताह होगी समीक्षा

प्रभारी अभियंताओं के निरीक्षण की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जोन दफ्तर में बैठक होगी, जिसमें अभियंताओं को दिए गए कार्यों एवं निरीक्षण की रिपोर्ट की समीक्षा होगी। आयुक्त ने कहा कि किसी भी वार्ड में कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदार वार्ड प्रभारी होंगे।

### इन कार्यों का करेंगे निरीक्षण

नगर निवेश के कार्य, वैध-अवैध होर्डिंग्स के सर्वे का कार्य, विद्युत संधारण, पाईप लाईन संधारण, पॉवर पंप संधारण, गार्डन का रख-रखाव, प्रधानमंत्री आवास निर्माण किये जाने बाबत बी.एल.सी. एवं ए.एच.पी. आवास निर्माण के लिए कच्चे मकान का पात्र हितग्राहियों का सर्वे, ओपन स्पेस का सर्वे, वैध-अवैध नल कनेक्शन, बल्क नल कनेक्शन, पाइप लाइन लिकेज, मीटर एवं जल प्रदाय की स्थिति, स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ, जी.वी.पी. पाईंट, ब्लैक स्पॉट, सीएंडडी वेस्ट, बल्क जनरेटर, पब्लिक युटिलिटी, तालाब, गार्डन ओपन जिम, सड़क लाइट, आंगनबाड़ी का सर्वे, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण करेंगे।









02



मंदिरों में सजने लगे महाप्रभु के भव्य....

## सिटी लाइव

### आज जुटेंगे विश्वभर के हृदयरोग विशेषज्ञ आधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीकों पर होगी चर्चा



**रायपुर।** कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा 4 और 5 जुलाई को मेफेयर रिज़ॉर्ट में चौथी वार्षिक सेंट्रल इंडिया इंटरवेंशन कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सा महाकुंभ में देश-विदेश के लगभग 150 ख्यातिप्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) हिस्सा लेंगे। राज्य के इतिहास में पहली बार अमेरिका (डॉ. समीन शर्मा, डॉ. रमेश डग्गुबाती), जापान, कनाडा और चेक रिपब्लिक जैसे देशों के मशहूर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मेलन में अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं, यूनाइटेड किंगडम से डॉ. राज राजेंद्र द्वारा टावी प्रक्रिया का लाइव केस ट्रांसमिशन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख वक्ताओं की उपस्थिति में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी, इंट्रावैस्कुलर इमेजिंग और इम्पेला डिवाइस जैसी आधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीकों पर विस्तृत चर्चा होगी।

#### छत्तीसगढ़ चैप्टर की नई कार्यकारिणी पदभार आज

सम्मेलन में भारतीय कार्डियोलॉजी के दिग्गज डॉ. ए. बी. मेहता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 4 जुलाई को सीएसआई छत्तीसगढ़ चैप्टर की नई कार्यकारिणी भी पदभार ग्रहण करेगी। संस्था का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के मरीजों को राज्य में ही विश्वस्तरीय हृदय चिकित्सा उपलब्ध कराना और स्वस्थ जीवनशैली के जरिए हृदय रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि आम जनजीवन पूरी तरह खुशहाल और सुरक्षित रहे।

## इवेंट लाइव

### अपनी बात को अंग्रेजी भाषा में प्रभावी ढंग से दूसरों तक पहुंचाना ही स्पोकन इंग्लिश





शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में 'द सीक्रेट ऑफ लर्निंग टू स्पीक इंग्लिश' व्याख्यान

**रायपुर।** शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय द सीक्रेट ऑफ लर्निंग टू स्पीक इंग्लिश रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त इंजीनियर डॉ. एआर सोमशेखर रहे। वहीं सहायक प्राध्यापक पूनम साहू ने अतिथि का सारगर्भित परिचय प्रस्तुत किया। प्राचार्य शेफाली मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी बात को अंग्रेजी भाषा में सही एवं प्रभावी ढंग से दूसरों तक पहुंचाना ही स्पोकन इंग्लिश है और यही प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल का आधार है। अंग्रेजी सीखने के लिए 3सी-कॉन्फिडेंस करियर और कनेक्शन का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास द्वारा अपने संप्रेषण कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. एआर सोमशेखर ने द सीक्रेट ऑफ लर्निंग टू स्पीक इंग्लिश विषय पर सरल एवं रोचक शैली में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अंग्रेजी सीखने के लिए एलएलपीपी-लर्न, लीसेन, प्रैक्टिस और प्रजेंट के महत्व को समझाया।

#### अभ्यास से अंग्रेजी बोलना सहज

उन्होंने बताया कि झिझक छोड़कर, शब्द-संग्रह बढ़ाकर, बार-बार सुनने, बोलने और नियमित अभ्यास से अंग्रेजी बोलना सहज बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने चेतन-अवचेतन मन, पुनरावृत्ति एवं न्यूरोप्लास्टिसिटी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। डॉ. सोमशेखर ने अपने लर्निंग प्लेटफॉर्म एवं संबंधित ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी इसके माध्यम से अंग्रेजी सीखने का अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक की जानकारी भी दी, जिसे प्लेटफॉर्म पर 200 पॉइंट अर्जित कर प्राप्त किया जा सकता है। व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी रहा। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक पूनम साहू एवं सह-प्रभारी सहायक प्राध्यापक सपना शुक्ला ने कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम में एमएड प्रभारी कल्पना देशमुख, सतीश तिवारी, डॉ. स्वीटी चंद्राकर, मंजूषा तिवारी, यमुना साहनी, रुक्मिणी सोनी, डॉ. लता मिश्रा, सुलभा उपाध्याय, संतोष वर्मा, किरणजोत बदेशा, सीमा शर्मा सहित महाविद्यालय के अध्यापकों एवं स्टूडेंट्स की उपस्थिति रही।

### जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा नारी संगम सीजन-3 प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह

# परिस्थिति का सामना शांत रहकर पॉजिटिव सोच के साथ डील करना ही लीडरशिप

जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा आयोजित नारी संगम सीजन- 3 लव यू जिंदगी का आयोजन शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। महिलाओं के नेतृत्व, सीखने, संवाद और उत्साह से परिपूर्ण इस महासम्मेलन में 300 संस्थाओं से 2000 से अधिक वुमन्स की भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में महिलाओं को मेडल प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। सम्मेलन में रायपुर सहित बेमेतरा, राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, कुम्हारी से संस्थाएं एवं प्रतिभागी शामिल हुए।



**रायपुर।** आयोजन का वातावरण पूरे समय उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा। कार्यक्रम में विशेष प्रशिक्षण सत्र का संचालन इंटरनेशनल प्राइम ट्रेनर पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। लव यू जिंदगी विषय पर आधारित अपने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक राजेश अग्रवाल ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि ईश्वर ने हमें इतना अच्छा जीवन दिया है, जो कि पूरे ब्रह्मांड में और किसी को नहीं मिला है। उसके बावजूद हम लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर और परिस्थितियों को दोष देते हुए परेशान रहते हैं, गुस्सा करते हैं, इरिटेट, ईर्ष्या यह सब हमारी मूलभूत स्वभाव बनते जा रहा है जिसके कारण बीमारियां होती हैं। जबकि हम लोगों को हर एक परिस्थिति का सामना शांत रहकर पॉजिटिव सोच के साथ डील करना चाहिए। अपने में बदलाव के लिए प्रेक्टिस करके आनंद और खुशी हर क्षण महसूस की जा सकती है।

#### मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण प्रयास को सराहा

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। उनके करकमलों से संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल की विशेष मैगजीन "वामिका" का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।



#### ओल्डेस्ट ऑर्गेनाइजेशन, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट थीम अवॉर्ड



कार्यक्रम में 10 भाग्यशाली प्रतिभागियों का लकी ड्रॉ निकाला गया तथा दस लकी विनर्स की घोषणा कर उन्हें आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस सफल आयोजन का नेतृत्व जेसीआई अध्यक्ष डॉ. धृति वैभव शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडर प्रेसिडेंट लीना वाढेर, चैप्टर कन्वीनर रूपाली दुबे, चैप्टर इंचार्ज आंचल पंजवानी, कार्यक्रम समन्वयक जया अरोड़ा, सचिव प्रीति अग्रवाल, समस्त पूर्व अध्यक्षों की टीम, कार्यक्रम निदेशकों एवं संपूर्ण वामा टीम का विशेष योगदान रहा। सभी के मार्गदर्शन एवं सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन सका।

### मानसून की फुहारों के बीच नौकायन का लुत्फ



**रायपुर।** शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहाना रहा। शाम होते ही बड़ी संख्या में शहरवासी इस खुशनुमा मौसम का आनंद लेने महादेवघाट पहुंचे और खारुन नदी में नौकायन का लुत्फ उठाया।



### यूपीएससी ने ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट इंजीनियर सहित कई पदों पर निकली भर्ती

सत्यमेव जयते UPSC

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट इंजीनियर, लीगल ऑफिसर सहित कई पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इन पदों पर नौकरी करना चाहते है। वे उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के जरिए कुल 450 योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति जाएगी। आवेदन करने की लास्ट डेट 17 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की पदानुसार अधिकतम आयु 35, 38 और 40 वर्ष निर्धारित की गई है। रिजर्व केटेगरी के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में कुछ विशेष छूट भी दी जाएगी। विभिन्न पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पद से संबंधित विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा। जनरल केटेगरी के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 25 रुपए निर्धारित की गई है। इसके साथ ही एससी एवं एसटी, महिला और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट दी गई है।

### कॉलेज से पहले अभिभावक करियर काउंसलरों से ले रहे सलाह

# सोशल मीडिया में विज्ञापन देखकर एडमिशन न लें स्टूडेंट्स, पहले कॉलेज की करें सत्यता जांच

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही समय पर उचित करियर का चयन बेहद जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक करियर चयन को लेकर असमंजस में रहते हैं। सही मार्गदर्शन के अभाव में कई छात्र ऐसी दिशा चुन लेते हैं, जो आगे चलकर तनाव, असंतोष और असफलता का कारण बनती है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा जीवन में सफल बने, लेकिन सफलता तभी संभव है, जब बच्चे की रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करियर का चयन किया जाए। विशेषज्ञ डॉ. एस के शर्मा का मानना है कि बच्चों की करियर काउंसलिंग समय की जरूरत बन गई है। काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और मानसिक स्तर को समझकर उन्हें सही दिशा दी जा सकती है। कई बार अभिभावक अपनी इच्छाएं बच्चों पर थोप देते हैं, जिससे बच्चे अपनी पसंद का क्षेत्र नहीं चुन पाते और बाद में परेशान होते हैं।




#### मोबाइल जरूरत है उसे नशा न बनाएं

डॉ. एस के शर्मा ने अभिभावकों को भी सलाह देते हुए कहा कि बच्चों से पहले उनके माता-पिता को मोबाइल से दूरी बनानी होगी, तभी बच्चों को भी डांट पायेंगे। जिसके चलते आजकल बच्चों और अभिभावकों के बीच ठीक से बातें नही हो पाती, न ही बच्चें समय अभाव के कारण अपनी मन की बातें शेयर कर पाते है और ऐसे में जब करियर चुनाव की बात आती है तब परिवार या समाज के प्रेशर के कारण सुसाइड करने मजबूर हो जाते है। मोबाइल जरुरत है उसे नशा न बनाए। आज तकनीक के इस युग में पारंपरिक के साथ-साथ नए करियर विकल्प भी तेजी से उभर रहे हैं। गेमिंग, एनीमेशन, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, फूड टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं।




#### सोच-समझकर करें क्षेत्र का चयन

10वीं और 12वीं के बाद लिया गया निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। इसलिए इस समय विषयों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर क्षेत्र में रोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। सफलता केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं है। कॉमर्स, आर्ट्स, कृषि, मीडिया, डिजाइनिंग, खेल, संगीत, आईटी, होटल मैनेजमेंट समेत कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए उज्ज्वल संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरी यह है कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विषय और क्षेत्र का चयन करें। सही समय पर सही जानकारी और उचित मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं।

#### पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर फीडबैक जानें

अभिभावक बच्चों पर अपना फैसला न थोपें। बच्चों से खुलकर बात करें और उनकी रुचि को समझें। जिसके बाद बच्चें की इच्छानुसार और किसी भी एक्सपर्ट से राय लेकर समय-समय पर उनका मार्गदर्शन करते रहे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कॉलेज या इंन्टीट्यूट में एडमिशन से पहले उस संस्थान के सत्यता की जांच अवश्य करें, केवल गूगल या सोशल मीडिया में फोटो देखकर एडमिशन न कराएं। वहां के पासआउट स्टूडेंट से संपर्क कर फीडबैक जाने तो ही बच्चों को आगे करियर बनाने में सफलता मिलेगी।

**सिटी लाइव**

## आईआईएम और एफपीएसबी इंडिया के बीच समझौता



**रायपुर।** फाइनेंशियल प्लानिंग के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करने और शिक्षा व इंडस्ट्री के बीच की दूरी को खत्म करने के उद्देश्य से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान ने फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड इंडिया के साथ मिलकर 11 महीने का इंटीग्रेटेड एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम लॉन्च करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह खास प्रोग्राम दुनियाभर में मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट फाइनेंस प्लानर सर्टिफिकेशन से जुड़ा होगा। ब्लेंडेड ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों लर्निंग फॉर्मेट में डिजाइन किया गया। यह प्रोग्राम पेशेवर छात्रों को प्रबंधन (मैनेजमेंट) की बारीक समझ के साथ-साथ ग्लोबल स्तर की फाइनेंशियल एक्सपर्टीज प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन पर आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर इन-चार्ज प्रो. संजीव पराशर और फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्डइंडिया के सीईओ रमेश विश्वनाथन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. पराशर ने कहा, फाइनेंशियल सर्विसेज क्षेत्र के तेजी से बदलते माहौल में ऐसे प्रोफेशनल्स की भारी मांग है, जो व्यावसायिक समझ को फाइनेंशियल प्लानिंग के साथ जोड़ सकें। यह पार्टनरशिप शिक्षा और प्रैक्टिकल प्रैक्टिस के बीच एक मजबूत पुल का काम करेगी। हमारा लक्ष्य ऐसे एथिकल (नैतिक) और क्लाइंट-सेंट्रिक प्रोफेशनल्स तैयार करना है, जो परिवारों की जटिल वित्तीय जरूरतों को बेहतर ढंग से संभाल सकें। इस समझौते से छात्रों को 29 देशों में मान्यता प्राप्त वैश्विक मानकों का एक्सपोजर मिलेगा, जिससे भारतीय वेल्थ मैनेजमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज क्षेत्र को एक नई दिशा मिलेगी।

● जगन्नाथ मंदिरों में रोजाना पुजारी कर रहे विधान, समितियां तैयारी में जुटीं

# मंदिरों में सजने लगे महाप्रभु के भव्य रथ, स्वस्थ होने के बाद बलभद्र और देवी सुभद्रा के साथ निकलेंगे शहर भ्रमण पर

भगवान जगन्नाथ की भव्य वार्षिक रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस वर्ष रथयात्रा 16 जुलाई को श्रद्धा-भक्ति के साथ निकाली जाएगी, जिसके लिए मंदिर परिसरों में विशाल काष्ठ-निर्मित रथों का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। शहर के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिरों में इस दिन रथयात्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है।



**रायपुर।** शहर के पुरानी बस्ती स्थित लगभग 500 साल पुराने टूरीहटरी जगन्नाथ मंदिर और शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में रथों की मरम्मत, साफ-सफाई और रंगरोगन का काम प्रारंभ हो गया है। इस साल जगन्नाथ पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा की तर्ज पर शहर में भी भव्य आयोजन होने जा रहा है। पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल द्वितीया पर होने वाले इस महोत्सव की तैयारियां सनातन परंपराओं के अनुरूप अक्षय तृतीया के बाद से ही शुरू हो जाती हैं। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा भव्य लकड़ी के रथों में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। सनातन परंपरा में रथयात्रा का यह महापर्व वैश्विक स्तर पर प्रेम, सद्भाव और भक्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्रजी और माता सुभद्रा अपने भव्य रथों पर सवार होकर मौसी का घर माने जाने वाले गुंडिचा मंदिर जाते हैं। श्रद्धालुओं के बीच इस यात्रा का महत्व इस बात से आंका जा सकता है कि भक्त रथों को खींचने के लिए उत्साहित होते है। रथ खींचना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता हैं।

### कई इलाकों से होकर निकलेगी रथयात्रा

मंदिर से निकलने वाली रथयात्रा में शामिल होने और भगवान का रथ खींचने के लिए राजधानी के आसपास से हजारों श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। रथयात्रा के दिन अभिषेक, हवन, पूजन के बाद दोपहर 3 बजे भगवान रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। यह रथयात्रा लोहार चौक अमीनपारा कंकाली तालाब आजाद चौक, आमापारा होते हुए लाखेनगर गुंडिचा मंदिर पहुंचेगी। जहां मूल मूर्तियां जगन्नाथपुरी से लाई हुई हैं। हर साल जगन्नाथ पुरी से विशेष कलाकार आते हैं और रंगरोगन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिन श्रद्धालुओं को रथ खींचने का मौका मिलता है, वे भाग्यशाली समझे जाते हैं।



### रोजाना जड़ी-बूटियों का काढ़ा दिया जा रहा

जगन्नाथ मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह मंदिर 500 साल पुराना है। भगवान जगन्नाथ मंदिर में जो श्रद्धालु पहुंचते हैं, उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को जगन्नाथ भगवान को महास्नान कराया गया था। उसके बाद से उन्हें बुखार होने के कारण विश्राम कराया जा रहा है। रोजाना उन्हें जड़ी-बूटियों का काढ़ा दिया जा रहा है। रथयात्रा के दिन भगावान जगन्नाथ के साथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्राजी के दर्शन होंगे।

### 15 दिनों तक अनासर में विराजमान

गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में अनासर काल की प्राचीन एवं दिव्य परंपरा के अंतर्गत भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को विधि-विधानपूर्वक औषधीय काढ़े का भोग अर्पित किया गया। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर 108 पवित्र कलशों के जल से महास्नान के उपरांत भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को अस्वस्थ होने की मान्यता है। इसी कारण वे 15 दिनों तक अनासर में विराजमान रहते हैं। इस अवधि में भगवान के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए वर्जित रहते हैं और उनकी सेवा विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से की जाती है।

**समाज लाइव**

## ब्रिटेन के अप्रावासी भारतीय ने आदिवासी समाज के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**रायपुर।** गोंडवाना भवन में गोंडवाना समाज ने अच्छी शिक्षा, उच्च शिक्षा को पहली प्राथमिकता बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अप्रवासी भारतीय स्वप्निल चक्रवर्ती ब्रिटेन, समाजसेवी राकेश ठाकुर, ममता आरमो अध्यक्ष, महिला प्रभाग, सेवानिवृत्त अधिकारी जीआर सोरी, गोरेलाल, महावीर ठाकुर समाज प्रमुख और अन्नापूर्णेश्वरी ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि शक्ति बुढ़ा देव की पूजा अर्चना के साथ किया गया। स्वप्निल चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं के बीच आकर उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभावान विद्यार्थी अभियंता एवं डॉक्टर बनने के लिए पढ़ाई कर रहे हैं, जो सराहनीय है। अच्छी शिक्षा से ही परिवार और देश मजबूत होगा। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा के लिए प्रोत्साहन एवं सहयोग का आश्वासन दिया। राकेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षित समाज से ही सशक्त समाज की पहचान होती है। उन्होंने जोर दिया कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में शासन-प्रशासन के माध्यम से ही सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, बल्कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए धरातल पर सेवा कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उपहार के साथ पाठ्य पुस्तक और स्टेशनरी सामग्री वितरित की। ममता आरमो ने बच्चों को बालिका शिक्षा पर जोर देने और नशा मुक्त समाज एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी नेताम ने किया और कुसुम लता ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

## 73 सदस्यों को मिला डिस्टिंग्विश्ड रिकग्निशन अवॉर्ड 500 स्माइल्स एंड साइट्स प्रोजेक्ट को मिली स्वीकृति



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पिनेकल ने रोटरी वर्ष 2025-26 का समापन किंड्रेड सोल सिस्टर अवॉर्ड समारोह के माध्यम से किया। यह समारोह पूरे वर्ष क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों एवं प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने में अमूल्य योगदान देने वाले उन सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को समर्पित किया गया था। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन पूर्वा रोजिंदार, सचिव रोटेरियन मधुलिका अग्रवाल एवं उनकी कोर टीम ने कुल 73 व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं क्लब के सफल संचालन में विशेष सहयोग के लिए डिस्टिंग्विश्ड रिकग्निशन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान क्लब ने अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की भी घोषणा की। क्लब के ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट 500 स्माइल्स एंड 500 साइट्स को आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस महत्वाकांक्षी सेवा परियोजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं बीपीएल वर्ग के 500 जरूरतमंद मरीजों की फोल्डेबल लेंस मोतियाबिंद सर्जरी पूरी तरह से निशुल्क कराई जाएगी। ये सभी ऑपरेशन अरविंदो हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे, जिससे सैकड़ों लोगों के जीवन में फिर से उजाला लौटेगा। सेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से ओत-प्रोत यह समारोह रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल के सफल, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी वर्ष का यादगार समापन रहा। इस दौरान क्लब के सभी सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## राज मानस व्याख्यान के प्रशिक्षण में आचार्य हरीश हुए शामिल



**रायपुर।** राज मानस संघ द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय व्याख्यान प्रशिक्षण मंथन कार्यशाला का आयोजन साहू सदन रुद्री रोड में किया गया। छत्तीसगढ़ के 16 जिलों से व्याख्याकार इसमें शामिल हुए। रायपुर के अलावा राजनांदगांव, बालोद, गरियाबंद, धमतरी और ओडिशा के 235 व्याख्याकार प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। दुर्ग से प्रतिनिधित्व उरला से आचार्य हरीश ने किया। संघ के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने कहा कि आचार्य हरीश किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। हर कला में दक्ष हैं। सभी क्षेत्र में अग्रणी हैं। बेटियों के सुरक्षा के लिए कराते भी सीखते हैं। धर्म सनातन रक्षा के लिए मानस का प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं। प्रशिक्षक आचार्य महेंद्र साहू ने कहा कि आचार्य हरीश बहुत ही सरल सहज व्यक्तित्व के धनी हैं।




### छग सिंधी सेवा महापंचायत की प्रदेश स्तरीय मुखीगणों की बैठक

## समाज में फैल रही कुरीतियों, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधित नीतियों पर मंथन

**रायपुर।** छग सिंधी सेवा महापंचायत की प्रदेश स्तरीय 100 सदस्यीय मुखीगणों की बैठक शुक्रवार को सिंधु पैलेस शंकरनगर में रखी गई। बैठक में मुख्यतः यह निर्णय लिया गया कि अगले माह से प्रति तीन माह राज्य स्तरीय बैठकें अलग-अलग शहरों में आयोजित की जाएंगी। पंचायत के प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी ने बताया, मुखी सम्मेलन के वृहद आयोजन हेतु प्रमुखतः चार मुख्य संयोजकों का चुनाव किया गया। इनमें चेतन तारवानी, इंद्र डोडवानी, गोविंद वाधवानी और किशोर आहूजा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिंधी समाज में फैल रही कुरीतियों, स्वास्थ्य-एवं शिक्षा संबंधित नीतियों एवं सामाजिक व राजनैतिक गतिविधियों के मद्देनजर आवश्यक बैठक रखी जाएगी। तत्संबंध में पंचायत के संस्थापक श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव जितेंद्र बडवानी ने एक संयुक्त राय रखी कि शुरुआत में हर मोहल्ले-कॉलोनी की इकाई स्तर की मासिक बैठकें आयोजित की जाएं, जिसमें प्रत्येक विषय पर गहन चर्चा हो, इस पर हल निकालने के प्रयास भी हों, अन्यथा इसे कार्यवाही में नोट कर लिया जाए और इन चर्चाओं का त्रैमासिक बैठक में प्रत्येक इकाई पंचायतों, जिला स्तर पंचायतों के मुखीगणों व कार्यकारी टीम को आमंत्रित कर हल निकालने के सामूहिक प्रयास किए जाएं, जिसके बारे में पंचायतों में सघन प्रचार भी चलता रहे।



*कार्यक्रम में ये रहे उपस्थितः महापंचायत की टीम शाम 5.30 बजे संत युधिष्ठिर लाल से आशीर्वाद पाने गई, जहां संतश्री ने कहा कि आप समाजहित में जो कार्य कर रहे हैं,वह निश्चित ही सराहनीय है, ईश्वर आपको जरूर सफल बनाएंगे। आज कार्यवाही संचालन में प्रमुख रूप से युवा अध्यक्ष महेश आहूजा, कोषाध्यक्ष सुदेश मंध्यान, उपाध्यक्ष राजेश गुरनानी ने राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए मुखीगणों की लिस्ट भी साझा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सक्रिय तौर पर चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी व टीम, पंचायत अध्यक्ष अमर गिदवानी, सीए चेतन तारवानी, गोविंद वाधवानी मुखी दल्ली राजहरा, किशोर सेतपाल तिल्दा पंचायत, किशोर आहूजा, पार्षद सचिन मेघानी, अमित जीवन, भावना कुकरेजा, राशि बलवानी, राधा राजपाल, ईश्वर कोडवानी आदि सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।*

## कबीर जयंती पर हुए कार्यक्रम किया गया शरबत का वितरण

**रायपुर।** मानिकपुरी पनिका समाज आशा नगर द्वारा कबीर जयंती प्राकट्य दिवस धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ श्री श्री सदगुरु कबीर साहब सत्संग भवन आशा नगर में मनाया गया। इस अवसर पर भजन, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात ग्रंथ पाठ प्रवचन हुआ। कार्यक्रम में नागरिक, जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। मानव सेवा समिति के पदाधिकारी सभी का स्वागत मोमेंटो भेंटकर किया गया। संध्या कालीन कार्यक्रम में सात्विक चौका, आरती महंत आरती दास द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर पदाधिकारियों में कल्याण दास, कमल दास, दीपक दास, विभीषण दास, भोला दास, मुक्तावन दास, ज्ञानदास, सियाराम सहित अन्य उपस्थित रहे।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डाउनी जूनियर ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' को लेकर कहा- उम्मीदों पर खरी उतरेगी फिल्म

आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का फैंस में काफी क्रेज है। इस बीच हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो



पहले टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्सः एंडगेम' के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्सः इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्सः एंडगेम' जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए।

उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है, बल्कि फिल्म की कहानी और बाकी किरदारों को जिस तरह से बनाया गया है, वह दर्शकों को पसंद आएगा।' उन्होंने आगे कहा, ''अवेंजर्स डूम्सडे' में कुछ ऐसा है जो इस सवाल का जवाब देता है कि इतनी बड़ी फिल्मों के बाद भी नई फिल्म निराशाजनक कैसे न लगे। हमने इस पर बहुत मेहनत की है।' डायरेक्टर जो रूसो ने कहा कि 'अवेंजर्स डूम्सडे' में कई सरप्राइज देखने को मिलेंगे और यह अब तक की सबसे ज्यादा इमोशनल और मैच्योर फिल्म होगी। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म भावनाओं के लिहाज से काफी गहरी है और बाकी फिल्मों के मुकाबले ज्यादा मैच्योर है।'

### टॉलीवुड

## वेंकटेश की फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबर 47' की रिलीज डेट आई सामने

साउथ के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती और अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी के फैंस के लिए एक बड़ी



खुशखबरी है। उनकी आने वाली फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47' (एके 47) की रिलीज डेट का एलान हो गया है। वेंकटेश के फैंस के लिए खुशखबरी है कि यह फिल्म इस साल ही रिलीज होगी।


निर्माताओं ने वेंकटेश दग्गुबाती की नई फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबर 47' का नया पोस्टर साझा किया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की घोषणा करते हुए लिखा, 'एक ऐसी तारीख जिसे हर परिवार याद रखेगा। 'आदर्श कुटुंबम' के दरवाजे दुनिया भर में 2 अक्तूबर को खुलेंगे।'

'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबर 47' में एक शानदार जोड़ी देखने को मिलेगी। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। इस फिल्म में वेंकटेश और त्रिविक्रम की जोड़ी लंबे समय बाद वापसी कर रही है। यह एक एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर फिल्म होगी। इस प्रोजेक्ट की घोषणा साल 2025 में की गई थी और तभी से फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वेंकटेश दग्गुबाती इन दिनों एक और बड़ी फिल्म 'वेंकीअनिल5' की शूटिंग में व्यस्त हैं। निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ उनकी आने वाली फिल्म, जिसका अस्थायी नाम 'वेंकीअनिल5' है। इसकी शूटिंग 18 जून से हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में उनके साथ नंदमुरी कल्याण राम, कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वेंकटेश को हाल ही में फिल्म 'माना शंकरवाराप्रसाद गारू' में देखा गया था, जो बॉक्स-ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। इस फिल्म में उनके साथ नयनतारा और चिरंजीवी जैसे बड़े सितारे भी शामिल थे।

### भोजपुरी

## 'लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी' का बीटीएस वीडियो

रानी चटर्जी ने अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी' का परदे के पीछे (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में फिल्म का मजेदार गाना 'मेहरी आई रोब चलाई' गाना भी लगाया है।



भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी' के दिनों को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर बीटीएस वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वे अपने साथी कलाकार प्रशांत सिंह के साथ दिखाई दे रही हैं। उन्होंने इस वीडियो के बैकग्राउंड में 'मेहरी आई रोब चलाई' गाना भी लगाया है।

रानी चटर्जी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'फिल्म तो पसंद आई, आप सभी अब इसकी शूट कैसे हुई, ये भी देख लीजिए। रानी चटर्जी के साथ प्रशांत सिंह। फिल्म के बीटीएस सीन।' 'लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी' के निर्देशक मंजुल ठाकुर हैं, जबकि फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और मंजुल ठाकुर हैं। फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। इसमें रानी चटर्जी और संजना सिंह के अलावा प्रशांत सिंह, अलोक सिंह, रीना रानी, ललित उपाध्याय, श्वेता वर्मा और प्रेम दुबे भी हैं। इस फिल्म में रानी उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, जबकि संजना बिहार की रहने वाली हैं। यह कहानी एक ही घर में रहने वाली दो अलग-अलग राज्यों की बहू के बीच होने वाली छोटी-छोटी नोकझोंक और प्यार भरे झगड़ों पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक तरफ लखनऊ की शानोशौकत वाली यूपी की लड़की और दूसरी तरफ अपनी सादगी और परंपराओं को मानने वाली बिहार की लड़की के बीच मजेदार मुकाबले होते हैं।

## एफिल टॉवर पर जलवा

लाइफ स्टाइल

पेरिस के एफिल टॉवर पर फ़ैशन फ़ोटोशूट एक सदाबहार ट्रेंड है। यहां बिर हाकिम ब्रिज (पोंट) पर ग्लैमरस लाल ड्रेस और लंबे इवनिंग गाउन में सोलो पोर्ट्रेट देती मॉडल फैशन की दुनिया में छा गई है। दरअसल, डिज़ाइनर भी जानते हैं कि पेरिस में एफिल टॉवर के न्यूट्रल स्टील आर्किटेक्चरल बैकग्राउंड के सामने लाल रंग के फ़ैशन लुक एक शानदार और हाई-कॉन्ट्रास्ट लुक देते हैं। स्टाइलिंग का यह क्लासिक तरीका एक सदाबहार और ड्रैमेटिक विज़ुअल बनाता है, जिसे एडिटोरियल फ़ोटोग्राफ़ी, हाई-फ़ैशन फ़ोटोशूट और पेरिस फ़ैशन वीक के दौरान स्ट्रीट-स्टाइल इंस्पिरेशन के लिए बहुत पसंद किया जाता है।



## मानसून में नहीं हो पा रहा है वैक्स तो इन टिप्स की लें मदद

अगर आप भी वैक्स करने में प्रॉब्लम फेस कर रही है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप आसानी से वैक्स कर सकती हैं।



### वैक्स के पहले बॉडी पर लगाए पाउडर

बरसात के मौसम में वैक्स आसानी से नहीं हो पता है।ऐसे में अधिकतर महिलाएं परेशान हो जाती है, लेकिन अब आप वैक्स करने से पहले अपनी बॉडी को अच्छी तरह साबुन लगाकर पानी से धो लें, फिर शरीर को सूखा लें। जब आपके हाथ और पैर सुख जाए, तब आप पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अच्छी तरह पाउडर लगाने के बाद अगर आप वैक्स करेंगी, तो शायद परेशानी कम हो सकती है।

### हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल

अगर आप मानसून के महीने में वैक्स नहीं कर पा रही है और इससे आपके अनचाहे बाल नहीं निकल पा रहे हैं, तो अब आप हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का क्रीम आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। आप उसके पीछे लिखे इंस्ट्रक्शन को फॉलो कर क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप बिना किसी परेशानी के आसानी से अनचाहे बालों को रिमूव कर सकती हैं।

### ठंडी जगह का करें चयन

जब भी आप वैक्स करें, तो ध्यान रखें की पसीने की वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में वैक्स करने से पहले आप ठंडी जगह का चयन जरूर करें। आप अपने कमरे में ऐसी ऑन कर कमरे का टेंपरेचर ठंडा

## हर बॉडी टाइप के लिए परफेक्ट हैं सूट के नेकलाइन डिजाइंस



कुछ नेकलाइन डिजाइन ऐसे होते हैं जो कि हर तरह की पर्सनालिटी पर जंचते हैं, तो आपको सलवार-सूट की कुछ ऐसे ही नेकलाइन पर नजर डालनी चाहिए, जो कि हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। साथ ही, आपके ऊपर कौन-सा नेकलाइन डिजाइन बेस्ट रहेगा इसके बारे में भी बताएंगे। आजकल महिलाएं साड़ी से ज्यादा सलवार-सूट पहनना पसंद कर रही हैं। साड़ी की तुलना में सूट पहनना ज्यादा आरामदायक और सुविधाजनक होता है।ऐसे में आज सलवार-सूट लडकियों से लेकर महिलाओं हर किसी की पहली पसंद बन गया है।आजकल बाजारों में रेडीमेड सूट खूब बिक रहे हैं। इनमें आपको कई तरह के कलर, पैटर्न और फैब्रिक मिल जाएंगे, लेकिन फिर भी कुछ महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार टेलर के पास जाकर सूट सिलवाती हैं ताकि अपने चोइस के हिसाब से बाजू और नेकलाइन का डिज़ाइन बनवाया जाए।



ऐसे में नेकलाइन जब तक किसी भी ऑउटफिट की अट्रैक्टिव नहीं होती है। तब तक लुक परफेक्ट नजर नही आता है। इनमें से कुछ नेकलाइन ऐसी भी होती हैं, जो कि हमेशा ट्रेंड में रहती हैं और हर तरह कीपर्सनालिटी पर खूबसूरत लुक देती हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ ऐसे ही नेकलाइन के फॉरएवरडिजाइंस दिखाने जा रहे हैं, जो कि हर तरह की बॉडी टाइप वाली लड़कियों पर जचेंगे। साथ ही, आपको यह भी बताएंगे कि आपके लिए कौन-सा नेकलाइन डिजाइन बेस्ट है।



### राउंड नेकलाइन डिजाइन


राउंड या गोल गले का आकार हमेशा से लड़कियों और महिलाओं की पसंद रहा है। यह डिजाइन काफी एलिगेंट लुक देता है। राउंड नेक डिजाइन देखने में भले ही सिंपल लगता है, लेकिन कैरी करने के बाद यह आपके लुक को ग्रेसफुल बना देता है। सूट के अलावा यह डिजाइन ब्लाउज में भी काफी पसंद किया जाता है। राउंड नेकलाइन ऑवरग्लास फिगर वाली लड़कियों पर काफी जंचती हैं।

## किसी भी आउटफिट के साथ शामिल करें खास फुटवियर

अगर आप भी सावन के महीने में अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक बनाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। सावन के महीने में अगर आप भी अपने लुक को डिफरेंट और यूनिक पाना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फुटवियर को शामिल कर सकती हैं। ऐसे फुटवियर न सिर्फ आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे, बल्कि आपको एलिगेंट टच देने में भी बहुत मदद करेंगे।

### कैजुअल स्लिप फुटवियर

कुछ दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है और इस महीने में अधिकतर महिलाएं शिवालय जाकर भगवान शिव की पूजा आराधना करती हैं। अगर आप भी इस दौरान अपने लुक को डिफरेंट बनाना चाहती हैं, तो अपने एथनिक आउटफिट के साथ इस खूबसूरत कैजुअल स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं।



### ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर

अगर आप सावन के महीने में साड़ी पहनने वाली है, तो अपने साड़ी लुक को डिफरेंट और गॉर्जियस बनाने के लिए आप साड़ी के साथ इस खूबसूरत ग्रीन कैजुअल स्लीपर फुटवियर को शामिल कर सकती हैं।

### ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर

सावन के महीने में अगर आप साड़ी, ट्रेडिशनल या एथनिक आउटफिट पहनने का सोच रही है, तो किसी भी आउटफिट के साथ आप ब्लू एथनिक स्लिप फुटवियर को शामिल कर सकती हैं।

## ग्लिसरीन के साथ इसे मिलाने से फटी एड़ियां होंगी कोमल

बार-बार पैर पानी में पड़ने के कारण या हवा की नमी के कारण त्वचा बेजान हो जाती है। इसके कारण एड़ियां फटने लगती हैं। जरूरी नहीं कि एड़ी सिर्फ सर्दियों में फटने लगे, ये मानसून में भी फट सकती हैं। धूल-मिट्टी के कारण त्वचा का ड्राई होना आम बात है। हो सकता है कि आपको फटी एड़ियों से ज्यादा दिक्कत न हो, लेकिन एक समय बाद यह समस्या गंभीर हो सकती हैं। बाजार में फटी एड़ियों को ठीक करने के दावे वाली कई क्रीम आपको मिल सकती हैं, लेकिन वो हर बार काम करें ऐसा जरूरी नहीं है। मेरे पास आपकी फटी एड़ियों के लिए एक कारगार उपाय है। जी हां, आप बस दो चीजों को मिलाकर अपने पैरों को कोमल बनाने में कामयाब हो सकती हैं। आपको बस ग्लिसरीन और वैक्स की जरूरत होगी। इन चीजों को मिलाकर लगाने से त्वचा मॉइश्चराइज होगी और फटी एड़ियों को आराम मिलेगा।

### क्या है फटी एड़ियों को ठीक करने का आसान से नुस्खा?

पैरों को सॉफ्ट बनाने के लिए जिस नुस्खे की मैं बात कर रही हूं, वो ग्लिसरीन और मोम का नुस्खा है। ये दोनों ही



इंग्रीडिएंट्स अपने मॉइश्चरजिंग गुणों के लिए जाने जाते हैं। जब इन्हें एक साथ मिलाया जाता है, तो ये रूखी त्वचा के लिए एक शक्तिशाली उपचार बन जाते हैं। ग्लिसरीन एक हमक्टेंट है, यह नमी को त्वचा में सील कर देता है, जिससे त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है। दूसरी ओर, पैराफिन मोम त्वचा पर एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाती है, जो नमी को बाहर निकलने से रोकती है और एड़ियों को मॉइश्चराइज करती है। इससे ड्राई त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है। एड़ी की दरारें भरने लगती हैं और एड़ियां धीरे-धीरे कोमल हो जाती हैं।

कार्नर न्यूज

### बालों को लेकर भले ही समस्या एक सी हो लेकिन उपाय होंगे अलग

## पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग हैं हेयर केयर, इसलिए देखभाल करने का अंदाज भी जुदा

हम सभी जीवन भर यही सुनते हुए बड़े हुए हैं और कभी-कभी हमें एहसास होता है कि ये कितना सच है। पुरुषों और महिलाओं को अलग तरह से बनाया गया है और यह स्वाभाविक है कि हमारे सिस्टम भी अलग तरह से बनाए गए हैं। जबकि पुरुष और महिला दोनों अपने जीवन के किसी न किसी समय में बालों के झड़ने का अनुभव करते हैं, पुरुष महिलाओं की तुलना में कहीं पहले गंजे होने लगते हैं। यहां कुछ कारण बताए गए हैं कि पुरुषों और महिलाओं दोनों में ऐसा अलग-अलग क्यों होता है।

जेनेटिक परिस्थितियों के कारण

एंड्रोजेनिक एलोपेशिया, जिसे पैटर्न बाल्डनेस भी कहा जाता है, पुरुषों में बालों के झड़ने का सबसे आम कारण है। 50 वर्ष से अधिक आयु के 50% से अधिक पुरुष एमपीबी या मेल पैटर्न बाल्डनेस से प्रभावित होते हैं, जबकि केवल 30% महिलाओं को इस समस्या का सामना करना पड़ता है, ज्यादातर जब वे अपने 70 की उम्र के दशक तक पहुंचती हैं। हालांकि, ये एक आनुवंशिक स्थिति है और इसे आसानी से उलटा नहीं जा सकता है।

हार्मोन



जब हमारे बालों के स्वास्थ्य की बात आती है तो मेल हार्मोन, टेस्टोस्टेरोन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टेस्टोस्टेरोन में डायहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन या डीएचटी नामक एक बाय-प्रोडक्ट होता है जो महत्वपूर्ण है लेकिन ये बालों के रोम में रक्त की आपूर्ति को भी रोकता है। महिलाओं के विपरीत, पुरुष इस हार्मोन का उत्पादन अपनी पूरी जिंदगी करते रहते हैं। महिलाओं को भी बालों की कई समस्याओं का अनुभव होता है जो पुरुषों से अलग होती हैं। महिलाओं में हेयर फॉल को बढ़ाने वाले कुछ फैक्टर्स में हार्मोनल परिवर्तन शामिल हैं, खासकर गर्भावस्था या रजोनिवृत्ति के दौरान, और तनाव भी एक बड़ा फैक्टर है।

हालांकि, पुरुषों में बालों के झड़ने की जटिलता महिलाओं की तुलना में बहुत अधिक होती है।पुरुषों और महिलाओं के लिए हेयर फॉलिकल डेंसिटी या एचएफडी अलग होती है

ये पुरुषों में काफी कम होती है। इसका मतलब है कि महिलाओं के स्कैल्प में बालों के रोम की संख्या प्रति सेंटीमीटर अधिक होती है जो बालों की हेल्दी ग्रोथ को स्टिम्युलेट करती है और बालों के झड़ने को रोकती है।यही कारण है कि पुरुषों के बाल झड़ते हैं, जबकि महिलाओं



को पतले होने का अनुभव होता है।

समस्या चाहे कैसी भी हो, समाधान हमेशा होता है। तो, बालों के झड़ने को रोकने के लिए आप क्या कर सकते हैं? यहां कुछ सरल चीजें हैं जो काम आ सकती हैं!

अपने बालों को हफ्ते में 3-4 बार किसी जेंटल शैम्पू से धोने से आपके स्कैल्प को साफ रखने में मदद मिलती है। पसीना, धूल और जमी हुई अशुद्धियां रोम छिद्रों को बंद कर सकती है, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती है।

अपने बालों में नियमित रूप से तेल लगाएं। तेल लगाने से बालों का रूखापन कम होता है और सिर की त्वचा हाइड्रेट होती है। यह आपके बालों के रोम की रक्षा करता है और स्वस्थ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देता है। अपने गीले बालों को कभी भी ब्रश न करें। गीले होने पर आपके बाल सबसे कमजोर होते हैं और आसानी से टूट जाते हैं।

हर 15 दिनों में एक बार बालों की मालिश करने से रक्त प्रवाह बढ़ता है और बदले में बालों की ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है। अपने बालों पर बहुत अधिक केमिकल्स के प्रयोग से बचें। केमिकल्स का उपयोग बालों को नुकसान पहुंचाता है और समय के साथ बाल झड़ने का कारण बनता है और इससे बचा जाना चाहिए।